# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

रांची, शुक्रवार, 20 नवंबर 2026

संवत 2083, कार्तिक शुक्ल 11 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-10, अंक 74 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ वैश्विक बाजार, भारत की निर्यात शक्ति का विस्तार

अर्जुन रामपाल ने कहा 10-15 फिल्में मेरी ऐसी हैं जो याद रखी जाएंगी ◂◂ 6


## रिम्स जमीन घोटाला: सात अधिकारियों के ठिकानों पर एसीबी की एक साथ छापेमारी

संवाददाता

**रांची:** रिम्स की जमीन से जुड़े कथित घोटाले की जांच के सिलसिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। गिरफ्तार अधिकारियों सहित सात लोगों के आवास और अन्य ठिकानों पर एसीबी की अलग-अलग टीमों ने एक साथ छापेमारी की। सुबह से ही अधिकारी विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर जमीन से जुड़े दस्तावेजों और अन्य रिकॉर्ड की जांच कर रहे हैं।

यह कार्रवाई रिम्स के लिए अधिग्रहित 9.65 एकड़ जमीन की कथित अवैध खरीद-बिक्री और सरकारी दस्तावेजों में हेरफेर के मामले में की जा रही है। एसीबी अधिकारियों के अनुसार, जांच का उद्देश्य जमीन के रिकॉर्ड में किए गए बदलाव और इसमें संबंधित अधिकारियों की भूमिका से जुड़े साक्ष्य जुटाना है।

रांची से गिरिडीह तक छापेमारीः एसीबी की टीमें रांची के बरियातू, कांके, कोकर, अरगोड़ा और मोरहाबादी स्थित वृंदावन अपार्टमेंट में छापेमारी कर रही हैं। इन ठिकानों का संबंध गिरफ्तार अधिकारियों से बताया जा रहा है। इसके अलावा तत्कालीन अंचल




अधिकारी शैलेश कुमार के गिरिडीह स्थित शास्त्री नगर आवास पर भी छापेमारी की गई।

जानकारी के अनुसार, एसीबी की टीम करीब आधा दर्जन वाहनों से शैलेश कुमार के आवास पहुंची। टीम के साथ बड़ी संख्या में पुलिस के जवान भी मौजूद थे। घर के चारों ओर सुरक्षा घेरा बनाकर दस्तावेजों की जांच की गई।

गिरफ्तारी के बाद तेज हुई कार्रवाईः इस मामले में एसीबी की कार्रवाई लगातार तेज हो रही है। गुरुवार को बेरमो के एसडीओ मनोज कुमार को गिरफ्तार किया गया था। वह पूर्व में बड़गाईं अंचल अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। इससे पहले 17 नवंबर को एसीबी ने आईएएस मनोज कुमार रंजन सहित छह पूर्व अधिकारियों को गिरफ्तार किया था।

गिरफ्तार अधिकारियों में तत्कालीन भूमि सुधार उपसमाहर्ता, तीन जिला अवर निबंधक और दो अंचल अधिकारी शामिल हैं। अब इनके ठिकानों पर छापेमारी कर एजेंसी मामले से जुड़े साक्ष्य और संपत्ति संबंधी जानकारियां जुटा रही है।

मोरहाबादी और कोकर की जमीन पर हेरफेर का आरोपः पूरा मामला रिम्स के विस्तार और अन्य जरूरतों के लिए अधिग्रहित जमीन से जुड़ा है। इसमें मोरहाबादी मौजा की करीब आठ एकड़ और कोकर मौजा की 1.65 एकड़ जमीन शामिल है। आरोप है कि सरकारी उपयोग के लिए अधिग्रहित जमीन को फर्जी दस्तावेज तैयार कर और राजस्व रिकॉर्ड में बदलाव के जरिए निजी संपत्ति के रूप में दिखाने की कोशिश की गई।

जांच के दौरान जमीन की रजिस्ट्री, दाखिल-खारिज, पावर ऑफ अटॉर्नी और राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज बदलावों को संदिग्ध पाया गया। जमीन के एक हिस्से पर अवैध निर्माण का मामला भी सामने आया था, जिसे बाद में न्यायिक प्रक्रिया के तहत हटाया गया। हाईकोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई थी प्राथमिकीः झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश पर एसीबी ने पांच जनवरी 2026 को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके बाद से एजेंसी जमीन से संबंधित सरकारी फाइलों, निबंधन दस्तावेजों और राजस्व रिकॉर्ड की जांच कर रही है। जांच में विभिन्न स्तरों पर पदस्थापित रहे अधिकारियों की भूमिका सामने आने के बाद गिरफ्तारियों का सिलसिला शुरू हुआ।

## आंध्र प्रदेश-ओडिशा के तट से टकराया चक्रवात अकवान

### नदियां और समुद्र उफान पर, 3 लाख लोग किए गए शिफ्ट



**कोलकाता:** चक्रवाती तूफान अकवान ने शुक्रवार सुबह करीब 7:30 से 8:30 बजे के बीच ओडिशा के गोपालपुर तट के पास दस्तक दी। इस दौरान हवा की रफ्तार 70 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे तक दर्ज की गई। तूफान के लैंडफॉल की प्रक्रिया अभी जारी है। इसके प्रभाव से ओडिशा, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में तेज बारिश हो रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, चक्रवात पिछले छह घंटों के दौरान 21 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ा है। तूफान के प्रभाव को देखते हुए ओडिशा में बड़े पैमाने पर बचाव और राहत अभियान चलाया जा रहा है। अब तक करीब तीन लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। प्रभावित लोगों के लिए 2,523 राहत शिविर बनाए गए हैं, जबकि 423 बचाव दलों को तैनात किया गया है। चक्रवात के चलते रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है। पूर्वी रेलवे ने 41 और दक्षिण पूर्व रेलवे ने 28 एक्सप्रेस ट्रेनों को रद कर दिया है, जबकि 29 ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, इस चक्रवात का असर देश के 10 राज्यों में देखने को मिल सकता है।

चक्रवात अकवान का असर पश्चिम बंगाल के कई जिलों में देखने को मिल रहा है। चक्रवात अकवान के असर से दक्षिण 24 परगना और मिदनापुर में बारिश के साथ हवाएं चल रही हैं। बारिश को देखते हुए प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। चक्रवात अकवान के प्रभाव के कारण दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर, रायदिघी, कुलपी, मगराहाट, फाल्टा और अन्य इलाकों में रात भर भारी बारिश होती रही। शुक्रवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं और कई जगहों पर हल्की बूंदाबांदी जारी है। खराब मौसम की वजह से सड़कें सुनसान हो गई हैं और जनजीवन प्रभावित हुआ है। बारिश और तेज हवाओं से दक्षिण 24 परगना में नदियां और समुद्र उफान पर हैं। इसे देखते हुए यहां हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है, मछली पकड़ने और समुद्र तट से जुड़ी गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है, और सिविल डिफेंस के जवानों को तैनात किया गया है।

हालात को देखते हुए मछुआरों को समुद्र में न जाने की सख्त सलाह दी गई है। जिले के दो प्रमुख पर्यटन स्थलों, बक्खाली और गंगासागर में पर्यटकों को पानी में उतरने या नहाने से रोकने के लिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इन जगहों पर सिविल डिफेंस के जवानों को तैनात किया गया है और समुद्र तटों पर मौजूद पर्यटकों को सतर्क करने के लिए लाउडस्पीकर से घोषणाएं की जा रही हैं। इस बीच, लगातार हो रही बारिश के कारण धान के खेतों में पानी भर गया है, जिससे किसानों को फसल खराब होने की चिंता सता रही है। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिले के विभिन्न प्रशासनिक कार्यालयों में कंट्रोल रूम खोले गए हैं। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, शुक्रवार को बारिश और तेज हो सकती है। मिदनापुर में चक्रवात अकवान के कारण जिले के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं, बारिश के साथ-साथ घना कोहरा भी छाया हुआ है।

## कावेरी जल विवाद में तमिलनाडु को सुप्रीम कोर्ट से झटका, कर्नाटक से अतिरिक्त पानी की मांग खारिज

**नई दिल्ली :** कावेरी जल विवाद में तमिलनाडु सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने कर्नाटक को 11 टीएमसी अतिरिक्त पानी छोड़ने का निर्देश देने की मांग वाली तमिलनाडु की याचिका खारिज कर दी है। इसके साथ ही कोर्ट ने कर्नाटक को अतिरिक्त पानी छोड़ने का आदेश देने से भी इनकार कर दिया। तमिलनाडु सरकार का कहना था कि राज्य में पानी की कमी के कारण किसानों और फसलों को नुकसान हो रहा है।

कावेरी नदी के पानी के बंटवारे को लेकर तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। यह विवाद दशकों पुराना है और दोनों राज्य नदी के पानी पर अपना अधिकार जताते रहे हैं। पानी की मात्रा और



उसके इस्तेमाल को लेकर समय-समय पर दोनों राज्यों के बीच तनाव की स्थिति पैदा होती रही है।

इसी विवाद के बीच तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। राज्य ने अदालत से अपील की थी कि कर्नाटक को अतिरिक्त 11 टीएमसी पानी छोड़ने का निर्देश दिया जाए। टीएमसी पानी की मात्रा मापने की एक इकाई है।

सुप्रीम कोर्ट में तमिलनाडु सरकार ने दलील दी कि राज्य में पानी की कमी हो गई है, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी की कमी का असर फसलों पर भी पड़ रहा है और उन्हें नुकसान हो रहा है। इसी आधार पर राज्य ने कर्नाटक से अतिरिक्त पानी दिलाने की मांग की थी।

हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु की इस मांग को स्वीकार नहीं किया और याचिका खारिज कर दी। कोर्ट के फैसले के बाद कर्नाटक को अतिरिक्त 11 टीएमसी पानी छोड़ने का कोई निर्देश नहीं दिया गया है। तमिलनाडु ने किसानों और फसलों को राहत दिलाने के लिए अदालत से जो गुहार लगाई थी, उसे मंजूरी नहीं मिली।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से तमिलनाडु को अतिरिक्त पानी मिलने की उम्मीदों पर फिलहाल पानी फिर गया है। कावेरी नदी के जल बंटवारे को लेकर दोनों राज्यों के बीच जारी विवाद इस फैसले के बाद भी बरकरार है।

## नामकुम में अर्धनिर्मित मकान से सिर कटा शव बरामद, इलाके में सनसनी

**रांची:** राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित तेतरी टोली में एक बंद निर्माणाधीन मकान से सिर कटा शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव पूरी तरह सड़ चुका था। समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। जानकारी के अनुसार, तेतरी टोली स्थित एक बंद निर्माणाधीन मकान से तेज दुर्गंध आ रही थी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मकान का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो वहां एक शव पड़ा मिला। शव का सिर गायब था। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करने के बाद शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। शव की पहचान के लिए शहर और आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट भी खंगाली जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## हजारीबाग में होटल पर अपराधियों ने की छह राउंड फायरिंग, राहुल दुबे गैंग ने ली जिम्मेदारी

### 24 घंटे के भीतर केरेडारी और चौपारण में फायरिंग की दो घटनाओं से दहशत, होटल के मुख्य गेट का शीशा टूटा

संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले में राहुल दुबे गैंग के गुर्गों ने 24 घंटे के भीतर फायरिंग की दो घटनाओं को अंजाम देकर दहशत फैलाने की कोशिश की है। केरेडारी स्थित रित्विक कंपनी के गेट पर फायरिंग के बाद चौपारण के होटल एके इंटरनेशनल को निशाना बनाया गया। गैंगस्टर राहुल दुबे ने दोनों घटनाओं की जिम्मेदारी ली है।

केरेडारी की घटना के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट कर गिरोह ने इसकी जिम्मेदारी ली थी, जबकि चौपारण की घटना के बाद घटनास्थल पर गिरोह के सदस्यों ने एक पर्ची छोड़ी थी। जानकारी के अनुसार, 18 नवंबर की रात करीब 12 बजे अपराधियों ने रित्विक कंपनी के गेट पर कई राउंड फायरिंग की थी। रित्विक कंपनी एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोल माइंस में खनन कार्य करती है। घटना के बाद इलाके में भय का माहौल है। पगार ओपी प्रभारी दिनेश मंडल ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, गुरुवार रात करीब नौ बजे बाइक सवार अपराधियों ने जीटी रोड स्थित सरदार पुल के पास होटल एके इंटरनेशनल पर लगातार छह राउंड फायरिंग की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सफेद हेलमेट पहने दो युवक बाइक से पहुंचे थे। बाइक के पीछे बैठे युवक ने फायरिंग की। होटल प्रबंधक विकास कुमार ने बताया कि गोली होटल के मुख्य द्वार के शीशे में लगी, जिससे वह टूट गया। घटना के बाद होटल के पास लोगों की भीड़ जुट गई। इससे पहले 29 अक्टूबर को भी अपराधियों ने हजारीबाग के मटवारी स्थित होटल एके इंटरनेशनल पर फायरिंग की थी। जिले में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

## सिर्फ अलग रहने से तलाक नहीं, पत्नी की रिश्ता तोड़ने की मंशा साबित करना होगा: हाईकोर्ट

### फैमिली कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट ने रखा बरकरार, पति की तलाक याचिका खारिज

संवाददाता

**रांची:** झारखंड हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवाद से जुड़े एक अहम मामले में स्पष्ट किया है कि पत्नी का पति से अलग रहना मात्र तलाक का आधार नहीं हो सकता। परित्याग (डेजर्शन) साबित करने के लिए यह प्रमाणित करना जरूरी है कि पत्नी ने जानबूझकर और स्थायी रूप से वैवाहिक संबंध खत्म करने का निर्णय लिया है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अखिल कुमार की खंडपीठ ने रांची फैमिली कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए पति की तलाक याचिका खारिज कर दी। रिपोर्ट : राजेश कुमार सिंह।

**1995 में हुई थी शादी, 2013 से शुरू हुआ विवाद:** मामले के अनुसार, दोनों पक्षों की शादी वर्ष 1995 में हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। उनके दो बेटे भी हैं। वर्ष 2013 में पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हुआ। पति का आरोप था कि पत्नी बच्चों के साथ धनबाद के भूली स्थित मायके




चली गई और वापस आने को तैयार नहीं हुई।

इसके बाद पति ने वैवाहिक संबंधों की पुनर्स्थापना के लिए रांची फैमिली कोर्ट में याचिका दायर की। 11 नवंबर 2016 को फैमिली कोर्ट ने पति के पक्ष में एकतरफा आदेश पारित किया।

**2019 में दाखिल की तलाक की अर्जी:** पति ने दलील दी कि 2016 के आदेश के बावजूद पत्नी उसके साथ रहने नहीं लौटी। इसके आधार पर उसने 29 अप्रैल 2019 को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा के तहत तलाक की याचिका दाखिल की।

हालांकि, रांची की अतिरिक्त फैमिली कोर्ट ने 19 मार्च 2025 को पति की याचिका खारिज कर दी। फैमिली कोर्ट का कहना था कि पति यह साबित नहीं कर सका कि पत्नी को 2016 के एकतरफा आदेश की जानकारी थी और उसने जानबूझकर उसका पालन नहीं किया। पति ने आदेश को लागू कराने के लिए भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया था।

**पत्नी ने लगाया प्रताड़ना का आरोप:** हाईकोर्ट में पत्नी की ओर से अधिवक्ता संजय प्रसाद ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि पत्नी को दहेज के लिए प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया गया था। इसके बाद उसने धनबाद कोर्ट में मामला दर्ज कराया था। अग्रिम जमानत के दौरान झालसा में समझौता भी हुआ, लेकिन ससुराल लौटने पर फिर से प्रताड़ना शुरू हो गई।

पत्नी की ओर से यह भी दलील दी गई कि पति ने पुराने समझौते के तथ्यों को छिपाकर 2016 का एकतरफा आदेश हासिल किया था। पत्नी आज भी पति के साथ रहने को तैयार है, लेकिन प्रताड़ना के डर और परिस्थितियों के कारण अलग रह रही है।

भरण-पोषण का भुगतान भी वर्षों तक टालता रहा पतिः हाईकोर्ट ने पाया कि पति ने धनबाद फैमिली कोर्ट के भरण-पोषण संबंधी आदेश का भी लंबे समय तक पालन नहीं किया। हाईकोर्ट से पुनरीक्षण याचिका खारिज होने के बाद ही उसने वर्ष 2021 में भुगतान शुरू किया। अदालत ने इसे पत्नी और बच्चों के प्रति पति की बेरुखी के रूप में देखा। खंडपीठ ने कहा कि परित्याग के आधार पर तलाक देने के लिए केवल पति-पत्नी का अलग रहना पर्याप्त नहीं है। यह साबित करना भी जरूरी है कि अलग रहने वाले पक्ष की मंशा वैवाहिक संबंध हमेशा के लिए खत्म करने की थी।

पत्नी ने साथ रहने की इच्छा जताई थी और अलग रहने के पीछे प्रताड़ना व परिस्थितियों को कारण बताया था। ऐसे में हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए पति की तलाक याचिका खारिज कर दी।

### मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति पर हाईकोर्ट सख्त, सरकार से मांगी समय-सीमा

रांचीः झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) की नियुक्ति में हो रही देरी पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने का निर्देश दिया है कि मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति कब तक होने की संभावना है।

मामले की सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता रोहित राय ने अदालत को बताया कि नियुक्ति को लेकर राज्य सरकार विचार-विमर्श कर रही है। दीपावली अवकाश के कारण सरकार की ओर से निर्धारित समय पर शपथ पत्र दाखिल नहीं किया जा सका। इसे जल्द दाखिल कर दिया जाएगा।

सरकार को अतिरिक्त समय, समय-सीमा बताने का निर्देशः महाधिवक्ता ने शपथ पत्र दाखिल करने के लिए अदालत से अतिरिक्त समय देने का आग्रह किया। कोर्ट ने सरकार के आग्रह को स्वीकार करते हुए शपथ पत्र दाखिल करने का समय दिया। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया कि सरकार को शपथ पत्र में मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति की संभावित समय-सीमा भी बतानी होगी।

ठेके से जुड़ी सूचना मांगने का है मामलाः यह मामला एक कार्यपालक अभियंता के भाई को कथित रूप से ठेका दिए जाने से संबंधित सूचना मांगने से जुड़ा है। इस मामले में एकल पीठ के आदेश को चुनौती देते हुए अपील याचिका दाखिल की गई है।

सुनवाई के दौरान मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति का मुद्दा भी उठा। अब सरकार की ओर से दाखिल किए जाने वाले शपथ पत्र और उसमें दी गई समय-सीमा के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

# आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व चौकीदार के घर एसीबी की छापेमारी

## पाकुड़ के महेशपुर स्थित गढ़बाड़ी गांव में कार्रवाई, तलाशी के दौरान घर पर नहीं मिले धीरेन माल

संवाददाता



**पाकुड़:** जिले के महेशपुर प्रखंड स्थित गढ़बाड़ी गांव में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गुरुवार को पूर्व चौकीदार धीरेन माल के आवास पर छापेमारी की। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में टीम ने सर्च वारंट के आधार पर तलाशी अभियान चलाया और जरूरी साक्ष्य जुटाए।

जानकारी के अनुसार, सेवानिवृत्त चौकीदार धीरेन माल के खिलाफ कई वर्षों से आय से अधिक संपत्ति का मामला चल रहा है। इस मामले में पूर्व में भी एसीबी और पुलिस की टीमें उनके आवास सहित अन्य संभावित ठिकानों पर जांच कर चुकी हैं।

बताया जाता है कि गुरुवार को एसीबी की टीम अचानक गढ़बाड़ी गांव स्थित उनके आवास पहुंची और तलाशी शुरू की। हालांकि, छापेमारी के दौरान धीरेन माल घर पर नहीं मिले। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि वह अहले सुबह ही मोबाइल फोन बंद कर पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट चले गए थे। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

सर्च वारंट के आधार पर जुटाए गए साक्ष्यः एसीबी की टीम ने सर्च वारंट के आधार पर आवास की तलाशी लेकर आय से अधिक संपत्ति से जुड़े मामले में आवश्यक जानकारी और साक्ष्य जुटाए। फिलहाल छापेमारी में बरामद दस्तावेजों या अन्य सामान के संबंध में एसीबी की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। कार्रवाई पूरी होने के बाद मामले में विस्तृत जानकारी सामने आने की उम्मीद है।

# जमीन की चौहद्दी में कथित हेराफेरी पर हाईकोर्ट सख्त रांची डीसी को सभी पक्षों की सुनवाई का निर्देश

संवाददाता




**रांचीः** 15 साल पुराने निबंधित बिक्री पत्र (सेल डीड) की चौहद्दी में कथित बदलाव कर 35 डिसमिल जमीन को विवादित बनाने के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने रांची के उपायुक्त को महत्वपूर्ण निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति राजेश शंकर की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता यदि उपायुक्त के समक्ष नया आवेदन प्रस्तुत करता है, तो सभी संबंधित पक्षों को सुनवाई का अवसर देकर कानून के अनुसार उचित आदेश पारित किया जाए।

2021 में किया गया था सेल डीड में संशोधनः मामला 30 दिसंबर 2006 को निबंधित सेल डीड से जुड़ा है। आरोप है कि वर्ष 2021 में इस दस्तावेज में संशोधन कर 35 डिसमिल जमीन की चौहद्दी बदल दी गई। याचिकाकर्ता का आरोप है कि तत्कालीन अवर निबंधक घासीराम पिंगुआ ने रजिस्टर-2 में जमीन का क्षेत्रफल शून्य होने के बावजूद कोई सार्वजनिक सूचना जारी किए बिना डीड में सुधार कर दिया।

इस बदलाव के कारण उसी खाता संख्या के दूसरे मूल खरीदार की जमीन भी विवादित हो गई। पीड़ित लाल कृष्णा नाथ शाहदेव ने इस मामले में चार वर्षों तक उपायुक्त और जिला स्तरीय अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाए। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

निबंधन विभाग की जांच में गड़बड़ी का खुलासाः पीड़ित की शिकायत पर रांची के उपायुक्त ने जिला अवर निबंधक को जांच का निर्देश दिया था। जांच रिपोर्ट में बताया गया कि मौजा तुपुदाना स्थित खाता संख्या 129 और प्लॉट संख्या 718 की जमीन 30 दिसंबर 2006 को निबंधित दस्तावेज के माध्यम से खरीदी गई थी। गीता शाहदेव और विनोदिनी देवी ने अलग-अलग सेल डीड के जरिए जमीन बेची थी।

जांच रिपोर्ट के अनुसार, सुधारनामा डीड तैयार कराने के दौरान निबंधन कार्यालय को गुमराह किया गया और तथ्यों को छिपाकर लाल कृष्णा नाथ शाहदेव व अन्य के हिस्से की जमीन की चौहद्दी बदल दी गई। जिला अवर निबंधक ने कथित फर्जी सुधारनामा डीड को रद्द करने की सिफारिश भी की है।

लोकायुक्त और एसीबी में भी शिकायतः इस मामले में पीड़ित पक्ष ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इसके अलावा झारखंड के लोकायुक्त के समक्ष भी परिवाद दायर किया गया है। शिकायत में तत्कालीन अवर निबंधक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद अब रांची जिला प्रशासन को सभी संबंधित पक्षों की बात सुनकर नियमानुसार निर्णय लेना होगा।

# थ्रोबॉल फेडरेशन की मान्यता पर उठे सवाल गोविंदराज की भूमिका की जांच की मांग

## खेल उत्थान संघर्ष समिति ने खेल मंत्रालय को लिखा पत्र, कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई का आग्रह

संवाददाता

**रांचीः** थ्रोबॉल खिलाड़ियों के हितों, खेल संगठनों की पारदर्शिता और सरकारी मान्यता से जुड़े दावों को लेकर खेल उत्थान संघर्ष समिति ने सवाल उठाए हैं। समिति ने थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. एस. मणि और महासचिव के. एन. गोविंदराज की भूमिका की जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में समिति ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव को पत्र भेजा है।

समिति ने मंत्रालय से संबंधित संगठन की वर्तमान सरकारी मान्यता और संबद्धता की स्थिति स्पष्ट करने के साथ कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने का आग्रह किया है। साथ ही, गड़बड़ी प्रमाणित होने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

समिति की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के नाम से जारी कुछ आधिकारिक सर्कुलर और दस्तावेजों में खेल मंत्रालय की मान्यता एवं संबद्धता से जुड़े दावे किए गए हैं। समिति ने इन दावों की आधिकारिक वैधता पर सवाल उठाते हुए मंत्रालय से अपने अभिलेखों के आधार पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

समिति का कहना है कि थ्रोबॉल सहित विभिन्न खेलों में भविष्य बनाने के लिए खिलाड़ी और उनके अभिभावक प्रशिक्षण, पंजीकरण, प्रतियोगिता शुल्क, यात्रा, आवास और खेल सामग्री पर काफी धन खर्च करते हैं। ऐसे में यदि किसी संगठन की मान्यता या संबद्धता के संबंध में भ्रामक अथवा अप्रमाणित जानकारी दी जाती है, तो खिलाड़ियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। इससे उनके खेल भविष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांगः समिति ने मंत्रालय से थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की वर्तमान सरकारी मान्यता और संबद्धता की स्थिति आधिकारिक रूप से स्पष्ट करने का आग्रह किया है। साथ ही, मंत्रालय के नाम और मान्यता संबंधी दावों के कथित भ्रामक या अनधिकृत उपयोग के मामले में अध्यक्ष डॉ एस मणि और महासचिव के एन गोविंदराज की भूमिका की जांच कराने की मांग की है। समिति के अध्यक्ष नीरज वर्मा ने कहा कि संगठन का उद्देश्य किसी व्यक्ति या संस्था को पूर्वाग्रह के आधार पर दोषी ठहराना नहीं, बल्कि खेल जगत में पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता सुनिश्चित करना है। खिलाड़ियों को मान्यता, चयन प्रक्रिया और प्रतियोगिताओं से संबंधित सही जानकारी उपलब्ध कराना खेल प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने केंद्र सरकार से शिकायत को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध जांच और आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया है, ताकि युवा खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों को कथित भ्रामक दावों के कारण आर्थिक या मानसिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

महिला सुरक्षा का मुद्दा

# भाजपा ने महिला आयोग में 4014 मामले लंबित होने का किया दावा

## प्रदेश प्रवक्ता शोभा यादव ने अध्यक्ष की नियुक्ति और मानव तस्करी पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की

संवाददाता



**रांचीः** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शोभा यादव ने झारखंड में महिला सुरक्षा और न्याय व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राज्य महिला आयोग वर्षों से निष्क्रिय है और अब तक अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

शोभा यादव ने दावा किया कि जून 2020 से 31 जनवरी 2026 तक महिला आयोग में 4,014 मामले लंबित हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि पीड़ित महिलाएं अपनी शिकायत लेकर आखिर कहां जाएं।

उन्होंने एनसीआरबी के वर्ष 2023 के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि झारखंड में मानव तस्करी के 200 मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें 132 बच्चे और 79 नाबालिग लड़कियां शामिल थीं। उन्होंने आदिवासी बेटियों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की।

भूषण बाड़ा प्रकरण का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सिमडेगा की 14 वर्षीय आदिवासी बच्ची से जुड़े मामले में 13 नवंबर को पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की मांग की।

शोभा यादव ने सरकार से सवाल किया कि महिला आयोग को कब सक्रिय किया जाएगा और मानव तस्करी पर रोक लगाने के लिए सरकार की क्या कार्ययोजना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को केवल आश्वासन नहीं, बल्कि सुरक्षा और न्याय चाहिए।

# झारखंड एमडीएम पर आर्थिक संकट शिक्षकों की जेब से चल रहा स्कूलों में भोजन

## अप्रैल से कुकिंग कॉस्ट का भुगतान लंबित, अगस्त से अंडा-फल मद की राशि भी बंद, दुकानदारों का बढ़ा बकाया



संवाददाता

**रांचीः** झारखंड के सरकारी स्कूलों में मध्याह्न भोजन (एमडीएम) योजना का संचालन आर्थिक संकट से जूझ रहा है। अप्रैल से नवंबर 2026 तक आठ महीने में विद्यालयों को कुकिंग कॉस्ट की राशि महज चार दिन के भोजन संचालन के लिए मिली है। ऐसे में भोजन व्यवस्था जारी रखने के लिए प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को अपनी जेब से खर्च करने के साथ स्थानीय दुकानदारों से उधार पर राशन लेना पड़ रहा है।

स्थिति यह है कि अगस्त 2026 से अधिकांश स्कूलों में अंडा-फल मद की राशि भी समाप्त हो चुकी है। दुकानदारों का बकाया लगातार बढ़ रहा है, जबकि शिक्षक आर्थिक और मानसिक दबाव झेल रहे हैं।

आवंटन के बावजूद स्कूलों तक नहीं पहुंच रही राशिः झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के अध्यक्ष आनंद किशोर साहू और महासचिव बलजीत कुमार सिंह ने कहा कि विभाग की ओर से राशि आवंटित की गई है, लेकिन नई प्रक्रिया के कारण विद्यालयों के खातों में समय पर भुगतान नहीं हो पा रहा है। तकनीकी और प्रशासनिक अड़चनों का खामियाजा स्कूलों को भुगतना पड़ रहा है। भोजन बंद न हो, इसके लिए प्रधानाध्यापक दुकानदारों से उधार लेकर व्यवस्था चला रहे हैं।

एमडीएम संचालन के लिए शिक्षक बन रहे कर्जदारः मध्याह्न भोजन योजना बच्चों के पोषण और स्कूलों में उनकी उपस्थिति से जुड़ी महत्वपूर्ण योजना है। इसके संचालन के लिए समय पर राशि उपलब्ध कराना विभाग की जिम्मेदारी है। लेकिन भुगतान में देरी के कारण शिक्षक पढ़ाई के साथ राशन जुटाने और दुकानदारों का बकाया चुकाने की चिंता में भी उलझे हैं। महासचिव बलजीत सिंह ने कहा कि शिक्षकों को उधार लेकर योजना चलाने के लिए मजबूर करना अनुचित है।

शिक्षक संघ की छह प्रमुख मांगेंः अप्रैल से नवंबर तक की लंबित कुकिंग कॉस्ट का तत्काल भुगतान किया जाए।

- अंडा-फल मद की लंबित राशि का आवंटन और भुगतान सुनिश्चित हो।
- भुगतान संबंधी तकनीकी और प्रशासनिक अड़चनें दूर कर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।
- शिक्षकों द्वारा उधार लेकर खर्च की गई राशि का भुगतान किया जाए।
- भविष्य में मध्याह्न भोजन की राशि नियमित रूप से विद्यालयों के खातों में भेजी जाए।
- राशि के अभाव में शिक्षकों पर भोजन संचालन का दबाव नहीं बनाया जाए।

# 20 दिनों से भटक रहे जोहान को मिला सहारा, चंदवा सीओ ने ओल्ड एज होम पहुंचाया

## मानवीय संवेदनशीलता की पेश की मिसाल, सड़क किनारे रात गुजारने को थे मजबूर

संजय कुमार यादव




**लातेहार/चंदवाः** करीब 20 से 22 दिनों से बेसहारा भटक रहे गुमला जिले के बसिया निवासी जोहान को आखिरकार सुरक्षित आश्रय मिल गया। चंदवा के अंचल अधिकारी सुमित कुमार मिश्रा की पहल पर उन्हें लातेहार स्थित ओल्ड एज होम पहुंचाया गया, जहां उनके रहने और देखभाल की व्यवस्था की गई है।

जानकारी के अनुसार, जोहान पिछले कई दिनों से चंदवा क्षेत्र में इधर-उधर भटक रहे थे। बताया जाता है कि मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण वह अपने घर और गांव लौटने का रास्ता भूल गए थे। इस दौरान उन्हें सड़क किनारे रात गुजारनी पड़ रही थी। उनकी स्थिति काफी दयनीय थी।

इसी दौरान अंचल अधिकारी सुमित कुमार मिश्रा की नजर उन पर पड़ी। उन्होंने संवेदनशीलता दिखाते हुए जोहान से बातचीत की और उनके बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया। पूछताछ के दौरान जोहान ने अपना नाम और गुमला जिले के बसिया का निवासी होना बताया।

इसके बाद सीओ ने तत्काल पहल करते हुए उन्हें कपड़े और अन्य जरूरी सामान उपलब्ध कराया। साथ ही उनकी सुरक्षा और समुचित देखभाल को ध्यान में रखते हुए उन्हें लातेहार स्थित ओल्ड एज होम पहुंचाकर भर्ती कराया।

परिजनों की पहचान कर संपर्क स्थापित करने का निर्देशः इस मानवीय पहल की उपायुक्त ने भी सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रशासन की जिम्मेदारी केवल सरकारी योजनाओं का संचालन करना ही नहीं, बल्कि जरूरतमंद, असहाय और बेसहारा लोगों तक मदद पहुंचाना भी है। प्रशासन का प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति असुरक्षित या बेसहारा स्थिति में न रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जोहान की समुचित देखभाल सुनिश्चित करने तथा उनके परिजनों की पहचान कर उनसे संपर्क स्थापित करने की दिशा में आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया।

चंदवा सीओ की पहल से करीब तीन सप्ताह से भटक रहे जोहान को अब सुरक्षित ठिकाना मिल गया है। प्रशासन की इस पहल ने मानवीय संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल पेश की है।

# बूंदाबांदी और बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त सिंगपुर चौक पर लगा वाहनों का जाम



**मुरीः** चक्रवाती तूफान अकवान का असर मुरी-सिल्ली क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है। रुक-रुककर हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। सिंगपुर चौक कीचड़ से भर गया है, जिससे आवागमन में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार यातायात बाधित होने से वाहनों की लंबी कतार लग जा रही है।

इस मार्ग से स्कूली बच्चों का भी नियमित आना-जाना होता है, जिन्हें काफी परेशानी हो रही है। उल्लेखनीय है कि मुरी-गोला सड़क पर निर्माण कार्य भी चल रहा है। एक ओर सड़क निर्माण का काम जारी है, वहीं दूसरी ओर एक तरफ से वाहनों का आवागमन कराया जा रहा है। बारिश और कीचड़ के कारण स्थिति और भी बदतर हो गई है।

चक्रवात अकवान का असर

# वंदे भारत समेत कई ट्रेनें रद्द, कई 11 घंटे तक लेट, सफर से पहले जांच लें शेड्यूल

संवाददाता



**रांचीः** चक्रवात अकवान के संभावित प्रभाव को देखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे और ईस्ट कोस्ट रेलवे ने 19, 20 और 21 नवंबर को कई ट्रेनों का परिचालन रद्द और पुनर्निर्धारित किया है। टाटानगर-ब्रह्मपुर वंदे भारत एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें रद्द रहेंगी, जबकि बेंगलुरु-मुजफ्फरपुर और हावड़ा-तिरुचिरापल्ली एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें 11 घंटे तक की देरी से रवाना होंगी।

रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है। रेलवे की अधिसूचना के अनुसार, हावड़ा, शालीमार, भुवनेश्वर, पुरी, विशाखापत्तनम और दक्षिण भारत की ओर जाने वाली कई प्रमुख ट्रेनें प्रभावित होंगी। कुछ ट्रेनों को तीन से 11 घंटे तक पुनर्निर्धारित किया गया है।

टाटानगर-ब्रह्मपुर वंदे भारत समेत कई ट्रेनें रद्दः रद्द की गई प्रमुख ट्रेनों में 20891-20892 टाटानगर-ब्रह्मपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, 20841-20842 भुवनेश्वर-विशाखापत्तनम वंदे भारत एक्सप्रेस, 22895-22896 हावड़ा-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस, 22819-22820 भुवनेश्वर-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस, 22883 पुरी-यशवंतपुर गरीब रथ एक्सप्रेस और 18417-18418 पुरी-गुनुपुर एक्सप्रेस शामिल हैं।

इसके अलावा पारादीप-भुवनेश्वर, भुवनेश्वर-गुनुपुर, खुर्दा रोड-पुरी, पुरी-दासपल्ला, अंगुल-पुरी, तालचेर-पुरी, बड़गड़-पुरी, जेरंग-पुरी और विशाखापत्तनम-ब्रह्मपुर मार्ग की कई ट्रेनें भी रद्द रहेंगी।

11 घंटे तक की देरी से चलेंगी ट्रेनेंः पुनर्निर्धारित ट्रेनों में बेंगलुरु-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस और हावड़ा-तिरुचिरापल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस 11 घंटे की देरी से रवाना होंगी। चेन्नई सेंट्रल-शालीमार ईस्ट कोस्ट एक्सप्रेस और जूनागढ़ रोड-भुवनेश्वर सुपरफास्ट 10 घंटे, कन्याकुमारी-डिब्रूगढ़ विवेक एक्सप्रेस नौ घंटे तथा गांधीधाम-पुरी सुपरफास्ट और विशाखापत्तनम-अमृतसर हिराकुंड एक्सप्रेस साढ़े आठ घंटे की देरी से चलेंगी।

वहीं, जगदलपुर-पुरी-भुवनेश्वर विशेष ट्रेन आठ घंटे, भुवनेश्वर-साईंनगर शिरडी प्रशांति एक्सप्रेस साढ़े छह घंटे तथा हावड़ा-बेंगलुरु सुपरफास्ट और शालीमार-विशाखापत्तनम अमरावती एक्सप्रेस छह घंटे की देरी से रवाना होंगी।

तीन से साढ़े पांच घंटे तक भी बदला समयः बेंगलुरु-हावड़ा दुरंतो और हावड़ा-चेन्नई मेल साढ़े पांच घंटे, सिकंदराबाद-हावड़ा फलकनुमा एक्सप्रेस, राउरकेला-गुनुपुर राज्यरानी एक्सप्रेस और पटना-एनार्कुलम सुपरफास्ट पांच घंटे की देरी से चलेंगी।

इसके अलावा बेंगलुरु-हावड़ा हमसफर, बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस, सिलचर-चेन्नई एक्सप्रेस, शालीमार-चेन्नई विशेष ट्रेन, हावड़ा-पुरी, हटिया-पुरी, दुर्ग-पुरी और संबलपुर-पुरी इंटरसिटी एक्सप्रेस चार घंटे की देरी से रवाना होंगी। भुवनेश्वर-सिकंदराबाद विशाखा एक्सप्रेस और डिब्रूगढ़-कन्याकुमारी विवेक एक्सप्रेस तीन घंटे की देरी से चलेंगी।

यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति जरूर जांचेंः रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा शुरू करने से पहले अपनी ट्रेन के परिचालन और समय-सारणी की ताजा जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। जो ट्रेनें शुरूआती स्टेशन से रवाना हो चुकी हैं, उन्हें रास्ते में नियंत्रित किया जाएगा। वहीं, जिन ट्रेनों ने अभी प्रस्थान नहीं किया है, वे संशोधित समय के अनुसार चलेंगी।

# अधिवक्ता अनुष्का चक्रवर्ती की मौत मामले में डीएसपी हाईकोर्ट में पेश, अगली सुनवाई 6 दिसंबर को

## अदालत ने केस डायरी और जांच की मांगीप्रगति रिपोर्ट , अगली सुनवाई में भी डीएसपी को उपस्थित रहने का निर्देश

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** झारखंड हाईकोर्ट की युवा अधिवक्ता अनुष्का चक्रवर्ती की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मृतका के भाई देवजीत चक्रवर्ती की ओर से दायर क्रिमिनल रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान मामले की जांच कर रहे डीएसपी अदालत में सशरीर उपस्थित हुए।

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रंगोन मुखोपाध्याय की पीठ में हुई। अदालत ने उपस्थित डीएसपी को केस डायरी और



अब तक की जांच की प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराने का निर्देश दिया। साथ ही अगली सुनवाई के दौरान भी उन्हें अदालत में उपस्थित रहने को कहा। मामले की अगली सुनवाई 6 दिसंबर को होगी।

मृतका के परिजनों की ओर से हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीत कुमार के साथ विकास कुमार, अंशु कुमारी और विवेक शर्मा ने पक्ष रखा।

**पति पर हत्या का आरोपः** यह मामला हजारीबाग जिले के बड़ा बाजार थाना क्षेत्र स्थित बंगाली कॉलोनी के गुप्ता कॉम्प्लेक्स के एक फ्लैट से अनुष्का चक्रवर्ती का शव बरामद होने से जुड़ा है। मृतका के पिता सुनील कुमार चक्रवर्ती ने उनके पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे हत्या बताया है। अनुष्का चक्रवर्ती और स्थानीय व्यवसायी कुशाग्र रुद्र ने करीब तीन साल पहले प्रेम विवाह किया था। दोनों इसी फ्लैट में रह रहे थे।

घटना के बाद मृतका के पिता और अन्य परिजनों ने आरोप लगाया कि अनुष्का को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। उनका दावा है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या है, जिसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई।

**याचिका में सुसाइड नोट नहीं मिलने का उल्लेखः** भाई देवजीत चक्रवर्ती की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि शुरूआती जांच के दौरान घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ था। साथ ही फ्लैट का दरवाजा कोड लॉक से बंद होने की बात भी सामने आई है।

मामले में आरोपी पति कुशाग्र रुद्र ने सरेंडर कर दिया है और फिलहाल जेल में बंद है। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ग्राहकों के डेटा की सुरक्षा मजबूत करेगा आईबीएम, एक्सिस मैक्स लाइफ से साझेदारी

## डेटाबेस की निगरानी, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान और वित्तीय जानकारी की सुरक्षा होगी बेहतर

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** आईबीएम और एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस ने कंपनी के तकनीकी ढांचे में डेटाबेस सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए साझेदारी की है। इसके तहत आईबीएम की गार्डियम डेटा प्रोटेक्शन तकनीक लागू की जा रही है। इससे ग्राहकों और वित्तीय जानकारियों की सुरक्षा के साथ विभिन्न डेटाबेस की एकीकृत निगरानी संभव होगी।

कंपनी के महत्वपूर्ण डेटाबेस क्लाउड और आंतरिक तकनीकी




ढांचे, दोनों में संचालित होते हैं। नई व्यवस्था से संवेदनशील डेटा तक पहुंच की निगरानी, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान और नियामकीय नियमों के अनुपालन में मदद मिलेगी।

आईबीएम इंडिया एवं दक्षिण एशिया के प्रौद्योगिकी उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने कहा कि डिजिटल विकास के साथ कंपनियों के लिए डेटा सुरक्षा और संभावित जोखिमों से बचाव की व्यवस्था मजबूत करना जरूरी है। वहीं, एक्सिस मैक्स लाइफ के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी मुकुल जैन ने कहा कि ग्राहकों की जानकारी सुरक्षित रखना कंपनी की प्राथमिकता है। आईबीएम के साथ यह सहयोग डेटाबेस की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद करेगा। इस परियोजना को आईबीएम प्रोफेशनल सर्विसेज ने लागू किया

# रांची नगर निगम और शहर अंचल कार्यालय में महीनों से काम लंबित, आम जनता में बढ़ रहा आक्रोश

## होल्डिंग सुधार और भूमि दाखिल-खारिज के आवेदनों का नहीं हो रहा समय पर निष्पादन, ई-मेल और लिखित आवेदन का भी नहीं मिल रहा जवाब




### हमारी प्रमुख मांगें

-रांची नगर निगम में नए होल्डिंग, होल्डिंग सुधार और अपडेट से संबंधित सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जाए।
-रांची शहर अंचल कार्यालय में लंबित भूमि दाखिल-खारिज के आवेदनों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
— आम जनता की आवाज, रांची, झारखंड
-सभी लंबित आवेदनों की स्थिति आवेदकों को स्पष्ट रूप से बताई जाए।
-कार्यों में अनावश्यक देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाए।
-सरकारी कार्यालयों में जनहित से जुड़े कार्यों के लिए पारदर्शी और समयबद्ध व्यवस्था लागू की जाए।
सरकारी कार्यालय जनता की सेवा के लिए हैं, न कि लोगों को महीनों तक परेशान करने के लिए। प्रशासन को इस गंभीर स्थिति पर तत्काल संज्ञान लेते हुए लंबित मामलों का निष्पादन कराना चाहिए और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए।

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** राजधानी रांची के सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली को लेकर आम जनता में लगातार नाराजगी बढ़ रही है। रांची नगर निगम और रांची शहर अंचल कार्यालय में जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य महीनों से लंबित हैं। इससे आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की मांग है कि सरकारी कार्यालयों को जवाबदेह बनाया जाए और जनता से जुड़े कार्यों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

रांची नगर निगम में नए होल्डिंग से संबंधित कार्य, होल्डिंग में सुधार और अपडेट जैसे कई महत्वपूर्ण मामले महीनों से लंबित पड़े हैं। इन मामलों में नगर निगम की ओर से न तो कोई संतोषजनक जवाब दिया जा रहा है और न ही निर्धारित समय के भीतर कार्रवाई की जा रही है।

इसी तरह रांची शहर अंचल कार्यालय में भूमि दाखिल-खारिज के अनेक आवेदन लंबे समय से लंबित हैं। कई आवेदनों को जमा किए हुए 30 से 60 दिन या उससे अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसके कारण आम नागरिक अपने जरूरी कामों के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगाने को मजबूर हैं।यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकारी कार्यालयों में जनता के बुनियादी और आवश्यक कार्यों के निष्पादन में भी इतनी लापरवाही और अनावश्यक देरी हो रही है। सवाल उठता है कि क्या रांची के सरकारी कार्यालयों में कामकाज ठप है या फिर आम जनता की समस्याओं के प्रति अधिकारियों की जवाबदेही समाप्त हो चुकी है?

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि दोनों विभागों के पास आधिकारिक ई-मेल आईडी उपलब्ध हैं, इसके बावजूद ई-मेल के माध्यम से भेजी गई शिकायतों और आवेदनों का जवाब नहीं मिलता। कई बार ई-मेल भेजने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं आती। यहां तक कि कार्यालय में लिखित आवेदन जमा करने के बावजूद आवेदकों को उनके मामलों की स्थिति की जानकारी नहीं दी जाती है।

रांची नगर निगम और अंचल कार्यालय दोनों ही विभाग सरकारी राजस्व व्यवस्था से जुड़े हैं। होल्डिंग और नगर निगम से संबंधित अन्य कार्यों के माध्यम से निगम को राजस्व प्राप्त होता है, वहीं भूमि दाखिल-खारिज और जमीन से जुड़ी प्रक्रियाएं भी राजस्व व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इसके बावजूद विभागीय उदासीनता के कारण न तो नगर निगम में होल्डिंग से संबंधित कार्य समय पर हो रहे हैं और न ही अंचल कार्यालय में दाखिल-खारिज के मामलों का निर्धारित समय में निष्पादन किया जा रहा है।

# पुरुष सुरक्षा कानून बनाने की मांग, अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस पर सेव फैमिली इनिशिएटिव की बैठक

## महिला सुरक्षा कानूनों के कथित दुरुपयोग पर जताई चिंता, पुरुषों से आत्महत्या जैसे कदम नहीं उठाने और धैर्यपूर्वक कानूनी लड़ाई लड़ने की अपील

**संवाददाता**

**रांचीः** अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस के अवसर पर 19 नवंबर 2026 को सेव फैमिली इनिशिएटिव, झारखंड की एक महत्वपूर्ण बैठक चिरौंदी, मोरहाबादी (रांची) में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अजय कुमार पांडेय ने की। बैठक में महिला सशक्तीकरण एवं सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों के कथित दुरुपयोग पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने भरण-पोषण, घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना और दुष्कर्म जैसे मामलों में झूठे मुकदमों के माध्यम से पुरुषों के आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक शोषण की आशंका पर चिंता




जताई।

अजय कुमार पांडेय ने कहा कि पुरुषों को ऐसे मामलों का दृढ़ता से कानूनी मुकाबला करना चाहिए। उन्होंने पुरुषों से अपील की कि वे किसी भी परिस्थिति में आत्महत्या जैसा कदम न उठाएं, बल्कि धैर्य और साहस के साथ कानूनी लड़ाई लड़ें।

उन्होंने सरकार से महिला सुरक्षा कानूनों की तर्ज पर पुरुषों की सुरक्षा के लिए भी अलग कानून बनाने की मांग की। उनका कहना था कि संविधान में महिला और पुरुष दोनों को समान अधिकार प्राप्त हैं। जब मतदान का अधिकार और सरकारी पदों पर समान नियुक्ति की स्थिति में वेतन का अधिकार बराबर है, तो कानून के समक्ष भी दोनों के हितों की समान रूप से रक्षा होनी चाहिए। बैठक में उपस्थित अन्य सदस्यों ने भी महिला सुरक्षा कानूनों के कथित दुरुपयोग पर चिंता जताई और सरकार से पुरुषों के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी कानून बनाने की मांग की।

बैठक को शशि भूषण सिंह, संजय कुमार, अक्षय कुमार, बबलू सिंह, प्रकाश कुमार, सुनील कुमार और आदर्श कुमार ने भी संबोधित किया।

### मौलाना आजाद बैडमिंटन टूर्नामेंट


# कुस्सू-एजाज की जोड़ी फाइनल में, मकबूल-नौशाद का सपना टूटा

## शानदार वापसी करते हुए पूर्व विजेता कुस्सू और एजाज ने दर्ज की रोमांचक जीत



**रांचीः** सुबह का सुहाना मौसम, हल्की ठंड और खिलाड़ियों का जोश व जुनून। कुछ ऐसा ही नजारा मॉर्निंग ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित मौलाना आजाद बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले में देखने को मिला। सेमीफाइनल में मकबूल अंसारी अपने जोड़ीदार नौशाद खान के साथ फाइनल में जगह बनाने के इरादे से उतरे। वहीं, पूर्व विजेता अतीक अहमद उर्फ कुस्सू अपने जोड़ीदार एजाज आलम के साथ चुनौती पेश करने के लिए तैयार थे। मैच से पहले मॉर्निंग ग्रुप के मुख्य संरक्षक मोहम्मद हलीमुद्दीन ने टॉस कराया, जबकि ग्रुप के अध्यक्ष अकीलुर रहमान ने मुख्य अंपायर की भूमिका निभाते हुए मुकाबले की शुरूआत कराई। मैच शुरू होते ही मकबूल और नौशाद की जोड़ी ने आक्रामक खेल दिखाया। शानदार शॉट, बेहतरीन प्लेसमेंट और आपसी तालमेल के दम पर दोनों ने कुस्सू और एजाज की जोड़ी को दबाव में ला दिया। पहले सेट में जीत हासिल कर मकबूल-नौशाद ने फाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ाया। दूसरे सेट में भी मकबूल और नौशाद का दबदबा कायम रहा। लगातार आक्रामक खेल दिखाते हुए उन्होंने अच्छी बढ़त बना ली। एक समय मुकाबला लगभग एकतरफा नजर आने लगा था और ऐसा लग रहा था कि मकबूल-नौशाद आसानी से फाइनल में पहुंच जाएंगे। हालांकि, अनुभवी कुस्सू ने अपने खेल और अनुभव का शानदार इस्तेमाल करते हुए मुकाबले का रुख पलट दिया। उन्होंने बेहतरीन शॉट और सटीक प्लेसमेंट के जरिए जोरदार वापसी की। एजाज ने भी उनका बखूबी साथ दिया। दोनों के शानदार तालमेल ने मुकाबले में नया रोमांच भर दिया और आखिरकार कुस्सू-एजाज की जोड़ी ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बना ली।

# युवक ने लगाई फांसी मौत



**संवादाता**

**रांची :** जिले के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित तेतरी टोली में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक की पहचान दिलीप मिंज के रूप में हुई है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के परिजनों से पूछताछ की। युवक ने फांसी क्यों लगाई है, इस बात का पता फिलहाल नहीं चल पाया है। हालांकि परिजनों का कहना है कि दिलीप हमेशा नशे में रहता था। नशे में होने के कारण ही उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया है। इस संबंध में नामकुम थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने बताया कि युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि युवक ने आत्महत्या की है या फिर मौत की कोई और वजह है। रामनारायण सिंह ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात कही।

# केंद्र सरकार के मुकदमों की पैरवी के लिए झारखंड में नया पैनल गठित, हाईकोर्ट में 44 अधिवक्ता नियुक्त

## कैट की रांची पीठ में 12 और धनबाद जिला न्यायालय में एक अधिवक्ता को मिली जिम्मेदारी, तीन साल का होगा कार्यकाल

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** केंद्र सरकार के मुकदमों की पैरवी के लिए झारखंड में अधिवक्ताओं का नया पैनल गठित किया गया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधि कार्य विभाग ने झारखंड हाईकोर्ट, केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) की रांची पीठ तथा धनबाद के जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों के लिए अधिवक्ताओं की नियुक्ति की है।

20 नवंबर 2026 को जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, राष्ट्रपति ने इन नियुक्तियों को 18 नवंबर 2026 से तीन वर्षों अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए मंजूरी दी है।

हाईकोर्ट में 44 अधिवक्ताओं को मिली जगहः झारखंड हाईकोर्ट में केंद्र सरकार की ओर से मुकदमों की पैरवी के लिए कुल 44 अधिवक्ताओं को पैनल में शामिल किया गया है। इनमें 13 अधिवक्ताओं को सीनियर पैनल काउंसिल और 31 को सेंट्रल गवर्नमेंट काउंसिल की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सीनियर पैनल काउंसिल के रूप में हरेंद्र कुमार महतो, राजेंद्र कृष्णा, बख्शी विभा, सुनील कुमार, प्रशांत विद्यार्थी, रवि प्रकाश, बृज बिहारी सिन्हा, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, हेमंत कुमार गुप्ता, अमित सिन्हा, श्रीनू गरपति, प्रवीण कुमार पांडेय और आकाश भूषण को नियुक्त किया गया है।

वहीं, सेंट्रल गवर्नमेंट काउंसिल के पैनल में पवन कुमार पाठक, इंदु पाराशर, नीतू सिन्हा, लीना मुखर्जी, अवनीश रंजन मिश्रा, जितेंद्र त्रिपाठी, डॉ. मिथिलेश कुमार पांडेय, रामित सतेंदर, निकी सिन्हा, राधा कृष्ण गुप्ता, विजय शंकर प्रसाद, अनिल कुमार गंझू, किरण सुषमा खोया, अभिजीत कुमार सिंह, अनिता कुमारी, चिंता खुशबू हेम्ब्रम, चंद्र प्रकाश, कुमार




वैभव, रवि कुमार सिंह, भारत कुमार, अवनीश शंकर, दिवाकर उपाध्याय, विकाश कुमार, रंजना मुखर्जी, नेहा पांडेय, प्रवीण शर्मा, अनुराग कश्यप, लाल ज्ञान रंजन नाथ शाहदेव, मनीष सिंह, पंकज कुमार और देवेश अजमानी को शामिल किया गया है।

कैट की रांची पीठ में 12 अधिवक्ता नियुक्तः केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) की रांची पीठ के लिए 12 अधिवक्ताओं का पैनल बनाया गया है। कुमार हर्ष को सीनियर सेंट्रल गवर्नमेंट स्टैंडिंग काउंसिल (लिटिगेशन इंचार्ज) नियुक्त किया गया है। वहीं, अरविंद कुमार सिंह और विनोद कुमार साहू को सीनियर पैनल काउंसिल की जिम्मेदारी दी गई है।

इसके अलावा पंचदेव सिंह, अंजू कच्छप, रितेश कुमार बॉबी, श्रेष्ठा मेहता, रोमित कुमार, मुकेश कुमार, आशीष कुमार शेखर, हेमंत कुमार गुप्ता और जगदीश को एडिशनल सेंट्रल गवर्नमेंट स्टैंडिंग काउंसिल नियुक्त किया गया है।

धनबाद में संजय कुमार सिन्हा नियुक्तः धनबाद के जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में केंद्र सरकार की ओर से मुकदमों की पैरवी के लिए संजय कुमार सिन्हा को स्टैंडिंग गवर्नमेंट काउंसिल नियुक्त किया गया है।

विधि कार्य विभाग के सहायक विधिक सलाहकार मनिंद्र चौधरी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि नियुक्त अधिवक्ताओं की सेवा शर्तें और पारिश्रमिक मंत्रालय के पूर्व निर्धारित कार्यालय ज्ञापनों के अनुसार होंगे।

आदेश की प्रतिलिपि झारखंड हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल प्रशांत पल्लव और डिप्टी सॉलिसिटर जनरल प्रशांत कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारियों को भेज दी गई है। नए पैनल के गठन से झारखंड में विभिन्न न्यायिक मंचों पर केंद्र सरकार के मुकदमों की पैरवी की व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

**झारखण्ड सरकार**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**सैनिक कल्याण निदेशालय**

डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची में एक पर्यवेक्षक (Supervisor) के नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण की सूचना

झारखण्ड राज्य के इच्छुक पूर्व सैनिकों से डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन –सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची में एक **पर्यवेक्षक (Supervisor)** के नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन प्रपत्र 04 दिसंबर 2026 पाँच बजे अपराहन् तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट अथवा हाथोहाथ जवान भवन कार्यालय में पहुँच जाना चाहिए। नियम एवं शर्तें झारखण्ड सरकार के वेबसाईट www.prdjharkhand.gov.in एवं डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड राँची के कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

निदेशक के आदेशानुसार
ह0/–
(सहायक निदेशक)
सैनिक कल्याण निदेशालय
डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान
भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची

स्थान : राँची
दिनांक : 19 नवंबर 2026

PR 394194 Home(26-27).D

**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग**

–:आम सूचना:–

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 डॉ0 ललील कुमार मित्रा
↓
स्व0 कमला मित्रा (पत्नि)
↓
स्व0 शशांक शेखर मित्रा — स्व0 दिप्ती बासु, पति–स्व0 प्रफुल्ल चन्द्र बासु
↓
चन्द्रशेखर मित्रा (आवेदक)

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

PR 394166 District(26-27).D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## फिर इतिहास दोहराने की तैयारी

**दुनिया** के इतिहास में एक बार फिर ऐसा क्षण आने जा रहा है, जब तीन महाशक्तियों के नेता एक साथ बैठकर वैश्विक सत्ता संतुलन की नई इबारत लिखने की कोशिश करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 19 नवंबर को चीन के शेनझेन में प्रस्तावित त्रिपक्षीय बैठक को इसी वजह से 'याल्टा 2.0' कहा जा रहा है। यह महज तीन राष्ट्राध्यक्षों की मुलाकात नहीं है, बल्कि उस वैश्विक व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश है जिसमें यूक्रेन से लेकर ताइवान, ईरान से लेकर हिंद-प्रशांत और परमाणु हथियारों से लेकर विश्व व्यापार तक के भविष्य पर फैसला हो सकता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या ट्रंप, जिनपिंग और पुतिन मिलकर दुनिया को अपने-अपने प्रभाव क्षेत्रों में बांटने की तैयारी कर रहे हैं? क्या छोटे देशों की संप्रभुता और उनकी स्वतंत्र विदेश नीति तीन महाशक्तियों की सौदेबाजी की भेंट चढ़ सकती है? साथ ही क्या ट्रंप अपने दो पुराने प्रतिद्वंद्वियों के सामने दोस्ती का हाथ बढ़ाकर उन्हें ऐसी कूटनीतिक चाल में फंसाने जा रहे हैं, जिसका असली निशाना चीन और रूस दोनों होंगे? देखा जाये तो याल्टा 2.0 को समझने के लिए 1945 के इतिहास में लौटना जरूरी है। हम आपको याद दिला दें कि 4 से 11 फरवरी 1945 तक क्रीमिया के याल्टा में अमेरिका के राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल और सोवियत संघ के नेता जोसेफ स्टालिन एक साथ बैठे थे। उस समय द्वितीय विश्वयुद्ध अपने अंतिम चरण में था। जर्मनी की हार लगभग निश्चित हो चुकी थी, लेकिन युद्ध के बाद यूरोप का राजनीतिक नक्शा कैसा होगा, यह सबसे बड़ा सवाल था। उस समय तीनों नेताओं ने जर्मनी के भविष्य, पूर्वी यूरोप की राजनीतिक व्यवस्था, सोवियत संघ के प्रभाव क्षेत्र और संयुक्त राष्ट्र की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर समझौते किए थे। जर्मनी और बर्लिन को मित्र देशों के कब्जे वाले क्षेत्रों में बांटने की व्यवस्था बनी। सोवियत संघ को पूर्वी यूरोप में व्यापक प्रभाव मिला। पोलैंड के भविष्य और एशिया में सोवियत हितों पर भी सहमति बनी। याल्टा सम्मेलन की सबसे विवादास्पद विरासत यह रही थी कि युद्ध के बाद पूर्वी यूरोप में सोवियत प्रभुत्व का रास्ता खुला और छोटे देशों की राजनीतिक स्वतंत्रता महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा में उलझ गई। आगे चलकर यही तनाव शीतयुद्ध की बुनियाद बना।

अब 81 साल बाद दुनिया के सामने लगभग वैसी ही परिस्थिति खड़ी दिखाई दे रही है। फर्क सिर्फ इतना है कि 1945 में अमेरिका, ब्रिटेन और सोवियत संघ एक साथ बैठे थे, जबकि 2026 में अमेरिका, चीन और रूस की तिकड़ी वैश्विक शक्ति संतुलन पर चर्चा करने जा रही है। देखा जाये तो इस बैठक का सबसे गंभीर पहलू यूक्रेन युद्ध है। पुतिन चाहते हैं कि अमेरिका के साथ ऐसा समझौता हो, जिससे रूस को यूक्रेन में अपने कब्जे वाले क्षेत्रों और रणनीतिक हितों पर बढ़त मिल सके। उनकी कोशिश यह भी हो सकती है कि यूक्रेन और यूरोप को बातचीत के निर्णायक मंच से बाहर रखा जाए। यही वह स्थिति है जिससे यूरोप और कीव चिंतित हैं। यदि अमेरिका और रूस यूक्रेन के भविष्य पर आपसी समझौता करते हैं, तो यह 1945 के याल्टा की याद दिलाएगा, जब पूर्वी यूरोप की नियति तय करने में वहां के देशों की भूमिका सीमित रह गई थी।

वहीं ट्रंप के सामने भी राजनीतिक चुनौती है। उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर बड़ी कूटनीतिक सफलता दिखानी है। लेकिन क्या वह पुतिन को युद्ध समाप्त करने के लिए मजबूर कर पाएंगे या रूस को अपने कब्जे वाले क्षेत्रों पर वैधता हासिल करने का अवसर मिलेगा? यही इस बैठक की असली परीक्षा होगी। साथ ही ट्रंप की रणनीति का दूसरा महत्वपूर्ण हिस्सा चीन को परमाणु हथियारों पर नियंत्रण की बातचीत में शामिल करना है। अमेरिका और रूस के बीच न्यू स्टार्ट संधि फरवरी 2026 में समाप्त हो चुकी है। ट्रंप चाहते हैं कि नई संधि में चीन भी शामिल हो। लेकिन जिनपिंग इसके लिए आसानी से तैयार नहीं होंगे। अमेरिका और रूस के पास चीन की तुलना में कई गुना अधिक परमाणु हथियार हैं। बीजिंग का मानना है कि पहले दोनों बड़ी परमाणु शक्तियां अपने हथियार कम करें, उसके बाद चीन को समान प्रतिबंधों में शामिल करने की बात हो। इसलिए ट्रंप का परमाणु प्रस्ताव चीन पर रणनीतिक दबाव बनाने का हथियार भी है। इसके अलावा, ट्रंप की मनीला यात्रा और वहां हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रभाव को चुनौती देने वाली कूटनीतिक गतिविधियां इस बैठक को और दिलचस्प बनाती हैं। एक तरफ अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ चीन को घेरने की कोशिश कर रहा है, दूसरी तरफ ट्रंप उसी चीन की धरती पर जिनपिंग और पुतिन के साथ बैठकर वैश्विक समझौते की संभावनाएं तलाश रहे हैं। लेकिन ट्रंप को यह नहीं भूलना चाहिए कि जिनपिंग और पुतिन के बीच रणनीतिक साझेदारी पहले से काफी मजबूत है। आज दोनों नेताओं की अलग से हो रही बैठक भी इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण है। रूस को चीन का आर्थिक सहयोग चाहिए और चीन को रूस की ऊर्जा तथा सामरिक साझेदारी। साथ ही याल्टा 2.0 का असली खतरा यही है कि कहीं दुनिया के छोटे और मध्यम देश फिर से महाशक्तियों की सौदेबाजी के मोहरे न बन जाएं। 1945 में याल्टा ने शीतयुद्ध की जमीन तैयार की थी। 2026 का शेनझेन सम्मेलन अगर किसी नए वैश्विक शक्ति विभाजन की शुरूआत करता है, तो उसका असर आने वाले कई दशकों तक दिखाई दे सकता है। बहरहाल, फिलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी कि तीनों नेता दुनिया को बांटने का कोई समझौता करने जा रहे हैं। लेकिन इतना स्पष्ट है कि ट्रंप, जिनपिंग और पुतिन की यह मुलाकात केवल कूटनीतिक तस्वीरों तक सीमित नहीं रहेगी। दुनिया की निगाहें इस बात पर होंगी कि इस बैठक से कौन अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत करके निकलता है और कौन दूसरे की बिछाई बिसात पर मोहरा बन जाता है।

# सींचना होगा बच्चों के मधुवन को

> बहरहाल, विश्व बाल दिवस हमें यह समझने का अवसर प्रदान करता है कि बच्चों का भविष्य उनके आज पर निर्भर करता है, जिसके लिए हमें ही यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, बाल श्रम और शोषण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, बच्चों को उनकी प्रतिभा को निखारने के पर्याप्त अवसर मिलें, उन्हें सुरक्षित, स्वस्थ और पोषित वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

**योगेश कुमार गोयल**

बाल दिवस केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के अधिकांश देशों में मनाया जाता है। भारत में बाल दिवस प्रतिवर्ष 14 नवंबर को मनाया जाता है । बच्चों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह दिवस 20 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिवस हमें बच्चों के अधिकारों की वकालत करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। इस वर्ष यह दिवस ह्यमेरा दिन, मेरे अधिकार, मेरा भविष्यह्ल विषय के साथ मनाया जा रहा है, जो यह सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर देता है कि सभी बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षा और सुरक्षित वातावरण सहित उनके मौलिक अधिकारों तक पहुंच हो। वैश्विक स्तर पर इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना, उनकी समस्याओं को हल करना, उनके कल्याण के लिए काम करना तथा अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देना है। बाल दिवस दुनियाभर में 190 से ज्यादा देशों में मनाया जाता है और अनेक देशों में इसे मनाने की तारीखें अलग-अलग हैं। जनवरी से लेकर दिसंबर तक हर माह किसी न किसी देश में बाल दिवस का आयोजन होता है।

संयुक्त राष्ट्र ने 20 नवंबर 1954 को ह्यविश्व बाल दिवसह्ल मनाए जाने की घोषणा की थी, जिसका उद्देश्य यही था कि इस विशेष दिन के माध्यम से अलग-अलग देशों के बच्चे एक-दूसरे के साथ जुड़ सकें, जिससे उनके बीच आपसी समझ तथा एकता की भावना मजबूत हो सके। सर्वप्रथम बाल दिवस जिनेवा के इंटरनेशनल यूनियन फॉर चाइल्ड वेलफेयर के सहयोग से विश्वभर में अक्टूबर 1953 में मनाया गया । विश्वभर में बाल दिवस मनाए जाने का विचार वीके कृष्ण मेनन का था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1954 में अपनाया। संयुक्त राष्ट्र ने विश्वभर के तमाम देशों से अपील की कि वे अपनी परम्पराओं, संस्कृति तथा धर्म के अनुसार अपने लिए कोई एक ऐसा दिन सुनिश्चित करें, जो सिर्फ बच्चों को ही समर्पित हो। वैसे तो बाल दिवस मनाए जाने की शुरूआत वर्ष 1925 से ही हो गई थी लेकिन वैश्विक रूप में देखें तो इसे दुनियाभर में मान्यता मिली 1953 में।

दुनियाभर में बाल दिवस के माध्यम से लोगों को बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल मजदूरी इत्यादि बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। माना जाता है कि सबसे पहले बाल दिवस तुर्किये में मनाया गया था। आइए देखते हैं कि दुनियाभर में किन देशों द्वारा कब बाल दिवस मनाया जाता है। जनवरी के पहले शुक्रवार को बहामास , 11 जनवरी को ट्यूनिशिया, जनवरी के दूसरे शनिवार को थाईलैंड, फरवरी के दूसरे रविवार को कुक द्वीप समूह, नाउरू, निउए, टोकेलौ तथा केमन द्वीप समूह, 13 फरवरी को म्यांमार, मार्च के पहले रविवार को न्यूजीलैंड, 17 मार्च को बांग्लादेश, 4 अप्रैल को ताइपे, हांगकांग, 5 अप्रैल को फिलीस्तीन, 12 अप्रैल को बोलिविया तथा हैती, 23 अप्रैल को तुर्किये, 30 अप्रैल को मेक्सिको, 5 मई को दक्षिण कोरिया तथा जापान, मई के दूसरे रविवार को स्पेन तथा यूके, 10 मई को मालदीव, 17 मई को नार्वे, 27 मई को नाईजीरिया, मई के आखरी रविवार को हंगरी, 1 जून को चीन सहित कई देशों में बाल संरक्षण दिवस के रूप में, 1 जुलाई को पाकिस्तान, जुलाई के तीसरे रविवार को क्यूबा, पनामा, वेनेजुएला, 23 जुलाई को इंडोनेशिया, अगस्त के पहले रविवार को उरुग्वे, 16 अगस्त को पैराग्वे, अगस्त के तीसरे रविवार को अर्जेन्टीना तथा पेरू, 9 सितम्बर कोस्टा रीका, 10 सितम्बर को हौण्डुरस, 14 सितम्बर को नेपाल, 20 सितम्बर को आस्ट्रिया तथा जर्मनी, 25 सितम्बर को नीदरलैंड, 1 अक्टूबर को अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला तथा श्रीलंका, अक्टूबर के पहले बुधवार को चिली, अक्टूबर के पहले शुक्रवार को सिंगापुर, 8 अक्टूबर को ईरान, 12 अक्टूबर को ब्राजील, अक्टूबर के चौथे शनिवार को मलेशिया, अक्टूबर के चौथे रविवार को आस्ट्रेलिया, नवंबर के पहले शनिवार को दक्षिण अफ्रीका, 20 नवंबर को अजरबैजान, कनाडा, साइप्रस, मिस्र, इथियोपिया, फिनलैंड, फ्रांस, यूनान, आयरलैंड, इजराइल, केन्या, मैसिडोनिया, नीदरलैंड, फिलीपींस, सर्बिया, स्लोवेनिया, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, त्रिनिदाद व टोबेगो, 5 दिसम्बर को सूरीनाम, 23 दिसम्बर को सूडान तथा 25 दिसम्बर कांगो गणराज्य, कैमरून तथा भूमध्यरेखीय गिनी में बाल दिवस का आयोजन किया जाता है।

बहरहाल, विश्व बाल दिवस हमें यह समझने का अवसर प्रदान करता है कि बच्चों का भविष्य उनके आज पर निर्भर करता है, जिसके लिए हमें ही यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, बाल श्रम और शोषण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, बच्चों को उनकी प्रतिभा को निखारने के पर्याप्त अवसर मिलें, उन्हें सुरक्षित, स्वस्थ और पोषित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। भारत में बच्चों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए कई कानून और योजनाएं लागू हैं, जिनमें बाल श्रम निषेध और विनियमन अधिनियम 1986, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, पॉक्सो एक्ट 2012 प्रमुख रूप से शामिल हैं। मिड-डे मील योजना और आंगनवाड़ी सेवा जैसी योजनाएं भी बच्चों के पोषण और शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

अपनी-अपनी सहूलियत के आधार पर विभिन्न देश भले ही अलग-अलग तारीखों पर बाल दिवस मनाते हैं पर हर जगह बाल दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि इसके जरिये लोगों को बच्चों के अधिकारों तथा सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा सके और बच्चों से जुड़े मुद्दों का समाधान किया जा सके। **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# वैश्विक बाजार, भारत की निर्यात शक्ति का विस्तार

> वस्तुतः आज आसियान देशों के साथ भारत के बढ़ते व्यापारिक संबंधों का महत्व इसलिए भी अधिक है, क्योंकि यह क्षेत्र वैश्विक विनिर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा, समुद्री व्यापार और आपूर्ति श्रृंखलाओं का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। इस बाजार में भारतीय निर्यात की बढ़ती हिस्सेदारी भविष्य में व्यापारिक सहयोग और औद्योगिक साझेदारी के नए अवसर पैदा कर सकती है।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

वैश्विक अर्थव्यवस्था में अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच भारत ने अपने निर्यात के मोर्चे पर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। कहना होगा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में भारत के निर्यात ने प्रमुख मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) साझेदारों और दुनिया के बड़े व्यापारिक बाजारों में व्यापक विस्तार किया है।

दक्षिण-पूर्व एशिया से लेकर यूरोप और पूर्वी एशिया तक भारतीय उत्पादों की बढ़ती पहुंच का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आसियान देशों को भारत का निर्यात 58 प्रतिशत उछलकर 28.06 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र (साफ्टा) के साझेदार देशों को निर्यात में 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 15.29 अरब डॉलर हो गया। यूरोपीय संघ को भी भारत का निर्यात पांच प्रतिशत बढ़कर 38.79 अरब डॉलर तक पहुंच गया।

भारत के निर्यात प्रदर्शन की सबसे श्रेष्ठ उपलब्धियों में सिंगापुर, मलेशिया, श्रीलंका, जापान, दक्षिण कोरिया और ओमान जैसे बाजारों में दर्ज दो अंकों की वृद्धि शामिल है। सिंगापुर को निर्यात 103 प्रतिशत बढ़कर 11.07 अरब डॉलर हो गया, जबकि मलेशिया में 83 प्रतिशत और श्रीलंका में 73 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ओमान को निर्यात भी 47 प्रतिशत बढ़कर 3.29 अरब डॉलर तक पहुंच गया। ये आंकड़े संकेत देते हैं कि भारत अपने पारंपरिक व्यापारिक बाजारों के साथ नए और तेजी से विकसित हो रहे बाजारों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति बना रहा है।

**आसियान बना भारतीय निर्यात का सबसे तेज बढ़ता क्षेत्र :** भारत के निर्यात विस्तार में दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) सबसे महत्वपूर्ण विकास क्षेत्र के रूप में सामने आया है। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-सितंबर अवधि में आसियान देशों को भारत का निर्यात 17.75 अरब डॉलर था, जो वित्त वर्ष 2026-27 की समान अवधि में 58 प्रतिशत बढ़कर 28.06 अरब डॉलर हो गया। इस वृद्धि में सिंगापुर और मलेशिया की विशेष भूमिका रही।

सिंगापुर को भारत का निर्यात 5.45 अरब डॉलर से बढ़कर 11.07 अरब डॉलर हो गया। इस तरह एक वर्ष में निर्यात दोगुने से भी अधिक बढ़ा। मलेशिया के बाजार में भी भारतीय उत्पादों की मांग में उल्लेखनीय तेजी रही। यहां निर्यात 3.05 अरब डॉलर से 83 प्रतिशत बढ़कर 5.58 अरब डॉलर तक पहुंच गया। वियतनाम को निर्यात 36 प्रतिशत बढ़कर 3.83 अरब डॉलर और इंडोनेशिया को 36 प्रतिशत बढ़कर 2.98 अरब डॉलर हो गया। थाईलैंड भी भारत के महत्वपूर्ण निर्यात गंतव्यों में शामिल रहा, जहां 2.65 अरब डॉलर का निर्यात दर्ज किया गया।

वस्तुतः आज आसियान देशों के साथ भारत के बढ़ते व्यापारिक संबंधों का महत्व इसलिए भी अधिक है, क्योंकि यह क्षेत्र वैश्विक विनिर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा, समुद्री व्यापार और आपूर्ति श्रृंखलाओं का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। इस बाजार में भारतीय निर्यात की बढ़ती हिस्सेदारी भविष्य में व्यापारिक सहयोग और औद्योगिक साझेदारी के नए अवसर पैदा कर सकती है।

इसके साथ ही भारतीय उपमहाद्वीप में श्रीलंका की बड़ी छलांग दिखाई दी है। भारत के पड़ोसी देशों के साथ व्यापारिक संबंधों में यह मजबूती का पर्याय है। दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र (साफ्टा) के साझेदारों को भारत का निर्यात 22 प्रतिशत बढ़कर 15.29 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 12.55 अरब डॉलर था। जिसमें कि श्रीलंका सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में शामिल रहा।

यहां भारतीय निर्यात 2.28 अरब डॉलर से 73 प्रतिशत बढ़कर 3.94 अरब डॉलर हो गया। नेपाल को निर्यात 19 प्रतिशत बढ़कर 4.37 अरब डॉलर और भूटान को 16 प्रतिशत बढ़कर 711.4 मिलियन डॉलर तक पहुंचा। मालदीव के बाजार में भी 52 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और निर्यात 337.4 मिलियन डॉलर हो गया। बांग्लादेश 5.66 अरब डॉलर के निर्यात के साथ साफ्टा क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य बना रहा।

**जापान और दक्षिण कोरिया में भारतीय उत्पादों की बढ़ती पहुंच :** पूर्वी एशिया के विकसित औद्योगिक बाजारों में भी भारत के निर्यात को गति मिली है। जापान को निर्यात 40 प्रतिशत बढ़कर 4.10 अरब डॉलर हो गया, जबकि दक्षिण कोरिया को निर्यात में 24 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 3.91 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इन दोनों बाजारों में भारतीय उत्पादों की बढ़ती पहुंच भारत के औद्योगिक और व्यापारिक संबंधों के विस्तार का संकेत है।

जापान और दक्षिण कोरिया जैसे बाजारों में निर्यात वृद्धि का महत्व इसलिए भी है कि ये देश वैश्विक तकनीक, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, मशीनरी और उन्नत विनिर्माण के बड़े केंद्र हैं। इन बाजारों में भारतीय कंपनियों के लिए व्यापारिक अवसरों का विस्तार देश की उत्पादन क्षमता और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा को मजबूत करने में सहायक हो सकता है। यूरोपीय संघ भारत के बड़े निर्यात बाजारों में अपनी महत्वपूर्ण स्थिति बनाए हुए है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में यूरोपीय संघ को भारत का निर्यात 36.97 अरब डॉलर से पांच प्रतिशत बढ़कर 38.79 अरब डॉलर हो गया। इस वृद्धि में स्पेन और इटली जैसे बाजारों का योगदान उल्लेखनीय रहा। स्पेन को भारत का निर्यात 45 प्रतिशत बढ़कर 4.68 अरब डॉलर हो गया। इटली में 25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ निर्यात 4.55 अरब डॉलर तक पहुंच गया। जर्मनी को निर्यात 12 प्रतिशत बढ़कर 6.34 अरब डॉलर और फ्रांस को नौ प्रतिशत बढ़कर 3.73 अरब डॉलर हो गया। इसके अलावा क्रोएशिया, बुल्गारिया, साइप्रस, एस्टोनिया और चेक गणराज्य जैसे अपेक्षाकृत छोटे यूरोपीय बाजारों में भी भारतीय निर्यात ने मजबूत वृद्धि दर्ज की।

यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के देशों में भी भारत का निर्यात लगभग पांच प्रतिशत बढ़कर 1.03 अरब डॉलर हो गया। स्विट्जरलैंड को निर्यात 11 प्रतिशत बढ़कर 758.4 मिलियन डॉलर और नॉर्वे को 14 प्रतिशत बढ़कर 264 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया। लिकटेंस्टीन में भी 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

**ओमान, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन में भी बढ़ा कारोबार :** एशिया और यूरोप के अतिरिक्त दूसरे प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ भी भारत के निर्यात संबंध मजबूत हुए हैं। ओमान को निर्यात 47 प्रतिशत बढ़कर 3.29 अरब डॉलर हो गया। ऑस्ट्रेलिया को 11 प्रतिशत वृद्धि के साथ निर्यात 4.10 अरब डॉलर पहुंचा, जबकि यूनाइटेड किंगडम को निर्यात सात प्रतिशत बढ़कर 7.32 अरब डॉलर हो गया। मॉरीशस में भी 45 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। भारत के निर्यात में विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में दर्ज यह वृद्धि व्यापक व्यापारिक विविधीकरण की ओर संकेत करती है। वैश्विक व्यापार में किसी एक बाजार पर अत्यधिक निर्भरता के बजाय अनेक देशों और क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति मजबूत करना आर्थिक स्थिरता के लिहाज से महत्वपूर्ण है। आसियान, दक्षिण एशिया, यूरोप, पूर्वी एशिया और पश्चिम एशिया के बाजारों में एक साथ बढ़ता निर्यात भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए नए अवसर पैदा कर रहा है।

# राहु-केतु दोष से मुक्ति दिलाता है स्वर्णमुखी नदी तट पर बसा ऐतिहासिक श्रीकालहस्ती मंदिर



**भारत** में वैसे तो भगवान शिव के कई मंदिर हैं। हमारे देश में 12 ज्योतिर्लिंग भी अपने आप में शिवभक्ति से पूर्ण हैं। इन ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। वहीं कुछ धार्मिक स्थान ऐसे भी हैं, जहां की कथा बेहद अद्भुत और अनोखी है और यह आज भी शिव भक्ति के लिए प्रसिद्ध हैं। हम एक ऐसे मंदिर की बात कर रहे हैं, जो शिव भक्त की अटूट भक्ति और आस्था को दिखाता है और इसका श्रद्धालुओं के बीच बेहद अनोखा और खास स्थान है।

इस मंदिर का नाम श्रीकालहस्ती मंदिर है, जोकि दक्षिण भारत में है। यह दक्षिण भारत के सबसे शक्तिशाली और पुराने शिव मंदिरों में से एक है। जोकि आंध्र प्रदेश के तिरुपति के पास स्वर्णमुखी नदी के किनारे है। इस मंदिर को दक्षिण कैलाश के नाम से भी जाना जाता है। इस शिव मंदिर की कहानी एक शिवभक्त की अटूट भक्ति को दिखाती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस मंदिर के रहस्य और इससे जुड़ी रोचक कथाओं के बारे में बताने जा रहे हैं।

श्रीकालहस्ती मंदिर

इस मंदिर का नाम उन तीन भक्तों के नाम पर पड़ा है, जिन्होंने महादेव के प्रति अपनी अटूट भक्ति और श्रद्धा दिखाई और मोक्ष की प्राप्ति की। उन तीन भक्तों का नाम श्री जिसे धैर्य और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। उसने शिवलिंग को बारिश और धूल से बचाने के लिए चारों ओर जाला बुना। दूसरा काल था, जिसने अपनी बुद्धिमानी से शिवलिंग के चारों ओर भेंट के तौर पर कीमती पत्थर रखे थे और तीसरे भक्त का नाम हस्ती है, जिसको विश्वास और शक्ति का प्रतीक माना जाता है।

धार्मिक मान्यता है कि यह हाथी शिवभक्ति में रोजाना शिवलिंग का जलाभिषेक करने के लिए अपनी सूढ़ में जल भरकर लाता था और उसी जल से शिवलिंग का जलाभिषेक करता था। जब हाथी शिवलिंग को पानी से साफ करता था, तो मकड़ी नियमित रूप से शिवलिंग की रक्षा के लिए फिर से जाला बुनती थी।

एक दिल हाथी ने जलाभिषेक करते हुए अंजाने में मकड़ी का जाला तोड़ दिया था, जिस कारण मकड़ी और हाथी में झगड़ा हो गया। इस झगड़े में सांप भी शामिल हो गया और इस संघर्ष में तीनों की जान चली गई। उनकी तीनों की सच्ची भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव प्रकट हुए और उनको मोक्ष प्रदान किया। उन तीनों भक्तों की भक्ति को देखते हुए उन तीनों के नाम पर इस मंदिर का नाम रखा गया।

### भक्त कनप्पा के लिए फेमस है ये मंदिर

प्राचीन काल में कन्नप्पा नामक एक शिकारी जनजाति में हुआ था। उसको वेदों या रीति-रिवाजों का ज्ञान नहीं था। लेकिन उसका मन पवित्र था और मन में भगवान शिव के प्रति अटूट प्रेम था। एक दिन शिकार के दौरान उसने जंगल में शिवलिंग देखा और सरल तरीके से शिव की पूजा करनी शुरूकर दी। कनप्पा ने भोजन के रूप में भगवान शिव को ताजा मांस अर्पित किया और अभिषेक के लिए पने मुंह से नदी का पानी डाला। कनप्पा दिन रात एक रक्षक की तरह शिवलिंग की पूजा और देखभाल करता था।

भले ही कनप्पा की पूजा का तरीका अलग और अनोखा था, लेकिन महादेव ने उसकी पूजा को स्वीकार किया, क्योंकि वह पूरी तरह से ईमानदार था। एक दिन कनप्पा ने देखा कि शिवलिंग की एक आंख से खून निकल रहा था। उसने बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी एक आंख निकालकर खून बहना रोकने के लिए शिवलिंग पर रख दिया। फिर कनप्पा ने दूसरी आंख निकालकर शिवलिंग को अर्पित कर दी। कनप्पा की अटूट भक्ति को देखकर महादेव स्वयं प्रकट हुए और उसको मोक्ष का आशीर्वाद दिया। साथ ही यह भी वरदान दिया कि उसका स्थान शिवभक्तों में हमेशा सर्वोपरि रहेगा।

### वायु लिंगम और दक्षिण का कैलाश

श्री कालहस्ती 'पंच भूत स्थलों' में से एक है, जोकि वायु तत्व का प्रतीक माना जाता है। बताया जाता है कि एक बार भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए वायु देव ने यहां पर वर्षों तक कठोर तपस्या की थी। भगवान शिव ने वायु देव की भक्ति से प्रसन्न होकर उन्हें आशीर्वाद दिया था, 'तुम हमेशा के लिए इस पवित्र लिंग में हवा के रूप में विराजमान रहोगे। मेरे भक्त यहां ली जाने वाली हर साँस में तुम्हारी उपस्थिति महसूस करेंगे।' जिसके बाद से यह वायु लिंगम के रूप में जाना जाता है। इसको दक्षिण कैलाशम के नाम से भी जाना जाता है। जहां पर भगवान भोलेनाथ स्वयं विद्यमान हैं।

### राहु और केतु की पूजा के लिए फेमस

इस मंदिर से जुड़ी एक और कथा प्रचलित है। बताया जाता है कि उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने उनको यह आशीर्वाद दिया था कि जो भी जातक इस मंदिर में राहु-केतु दोषों को दूर करने के लिए पूजा करेगा, उनके सभी कष्ट दूर होंगे। उसी दौर से इस मंदिर के राहु-केतु दोष निवारण मंदिर के नाम से जाना जाता है। वास्तव में यह दक्षिण भारत का अद्भुत मंदिर है, ऐसे में आप भी इस मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए आ सकते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।

**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in

**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज IN ब्रीफ

### सड़क पर खड़े वाहनों के विरुद्ध चला अभियान



**साहिबगंज :** राजमहल-केलाबाड़ी फोरलेन सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क के किनारे अवैध रूप से खड़े भारी एवं छोटे वाहनों को हटवाया गया वाहन चालकों को भविष्य में निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहन खड़ा करने की सख्त हिदायत दी गई।अभियान के दौरान एनएच एआई के डिप्टी मैनेजर आदित्य रत्नम एवं मोटर वाहन निरीक्षक एमवीआई अभिषेक मुंडा ने फोरलेन सड़क के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सड़क के किनारे अनधिकृत रूप से वाहनों को खड़ा करने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है तथा सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इससे आम राहगीरों एवं अन्य वाहन चालकों को भी आवागमन में परेशानी होती है।संयुक्त टीम ने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें तथा सड़क किनारे अनाधिकृत रूप से वाहन खड़ा करने से बचें। साथ ही स्पष्ट किया गया कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
इस अभियान का उद्देश्य फोरलेन सड़क पर सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना तथा संभावित सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करना है।मौके पर महेश सिंह, संजय कुमार, अनुज परासर राजहंस सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने इंदिरा गांधी को किया याद



**साहिबगंज :** जिला कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री,आयरन लेडी इंदिरा गांधी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सबसे पहले कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।इसके बाद जिला उपाध्यक्ष मो.कलीमुद्दीन की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ।सभा में वक्ताओं ने इंदिरा गांधी के जीवन,साहस और देश के प्रति समर्पण को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी ने गरीबों किसानों और कमजोर वर्ग के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए। बैंकों का राष्ट्रीयकरण,हरित क्रांति को बढ़ावा और देश की एकता-अखंडता के लिए उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मो.कलीमुद्दीन ने कहा कि इंदिरा गांधी सिर्फ एक प्रधानमंत्री नहीं थीं।बल्कि पूरे देश की ताकत थीं। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने कभी दबाव के आगे झुकना नहीं सीखा। बांग्लादेश का निर्माण और देश को आत्मनिर्भर बनाना उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम था।आज के समय में उनके बताए रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।जिला उपाध्यक्ष बासुकीनाथ यादव ने कहा कि इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा देकर गरीबों को मुख्यधारा से जोड़ा।उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी का पूरा जीवन देश सेवा में बीता। उन्होंने देश की एकता के लिए अपना जीवन तक न्योछावर कर दिया। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित है।युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अखलाक नदीम ने कहा कि इंदिरा गांधी ने हमेशा धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय की रक्षा की।उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए।आज देश की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं।इसमें इंदिरा गांधी की सोच का बड़ा योगदान है।हमें उनके विचारों को गांव-गांव तक पहुंचाना होगा।मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुनील पासवान,मंगल पासवान दिलीप गुप्ता,अली कुरैशी,मृत्युंजय यादव,उमेश तिवारी,शशिधर यादव,जाहिद खान,मेराजुद्दीन,जनार्दन रविदास मो.नूरशेद,गिरधारी यादव, सबदुल अंसारी मो, रियाज ,मो. अजफर खान, जाकिर अंसारी, कौसर आलम, नरेश रजक, मो.इनामुल हक, सुनील गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

### भगवान बिरसा मुंडा लोकप्रिय ग्रामीण स्वदेशी जनजातीय प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय साहिबगंज द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय भगवान बिरसा मुंडा लोकप्रिय ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन सिदो कान्हु स्टेडियम साहिबगंज में आज से प्रारम्भ हुआ जिसका विधिवत उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला खेल पदाधिकारी नयन कुमार ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित कर साथ ही गुलेल एवं तीर चलाकर किया।वहीं जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में साहेबगंज महाविद्यालय , फिजिकल अकादमी,भगत सिंह अकादमी,आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र,संत जेवियर स्कूल हिंदी,सरकरीगली , कस्तूरबा साहेबगंज समेत विभिन्न संस्थाओं के सैकड़ों प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।खेल संचालन समन्वयक कौशल किशोर मरांडी ने एवं मंच संचालन खेल शिक्षक बीरेन्द्र कुमार साह ने किया। मौके पर खेल प्रशिक्षक योगेश यादव,अशोक साहनी,टूरिज्म स्पेशलिस्ट गौरव प्रियदर्शी,ए एस आई सुबोध कुमार यादव,खेल शिक्षक बीरेन्द्र कुमार,सुनील किस्कू,बमबम कुमार नीतीश कुमार दास,आदित्य कुमार,राकेश राका,दीपक सिंह,रमेश कुमार,निमाई चौधरी,प्रदीप,अमन कुमार,मिथुन कुमार,सूरज, रंजीत,भुवन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे। गेड़ी दौड़ बालक,प्रथम महेश मरांडी,द्वितीय सागेन मुर्मू,तृतीय राकेश हांसदा,गुलेल बालक,प्रथम समीर मुर्मू ,द्वितीय साहेन मुर्मू ,तृतीय लाल टुडू, मटका दौड़ बालक,प्रथम नसीब मुर्मू,द्वितीय चाँद हांसदा,तृतीय श्याम लाल मुर्मू,भारा दौड़ बालक,प्रथम परमा हांसदा,द्वितीय सोनोत मरांडी,तृतीय चांद हांसदा,तीरंदाजी बालक,प्रथम जॉन सोरेन,द्वितीय संदीप मुर्मू,तृतीय बबलू मुर्मू,गुलेल बालिका,प्रथम गंगिया देवी,द्वितीय सरस्वती कुमारी ,तृतीय सुशीला बेसरा, मटका दौड़ बालिका ,प्रथम शिवानी हेंब्रम,द्वितीय सोनाली मरांडी तृतीय सुकून कुमारी,भारा दौड़ बालिका,प्रथम ललिता कुमारी,द्वितीय निर्मला टुडू,तृतीय सुलेखा टोप्पो, तीरंदाजी बालिका,प्रथम प्रमिला टुडू,द्वितीय सरस्वती कुमारी,तृतीय ललिता कुमारी जबकि विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। 20 नवंबर को प्रातः 10:30 बजे से वॉलीबॉल एवं फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए तीन प्रतिभागियों का होगा चयन

# बोरियो राजमहल व बरहेट विधानसभा क्षेत्रों के 34 विद्यार्थियों ने लिया प्रतियोगिता में भाग

**निर्वाचन प्रक्रिया मतदाता अधिकार कर्तव्य लोक तांत्रिक मूल्यों से संबंधित प्रश्नों पर विद्यार्थियों ने दिखाया ज्ञान और प्रतिभा**

**प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे साहिबगंज जिले का प्रतिनिधित्व**

संवाददाता

**साहिबगंज :** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के आलोक में विद्यार्थियों के बीच निर्वाचन साक्षरता को बढ़ावा देने, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समझ विकसित करने तथा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी को व्यापक बनाने के उद्देश्य से आज जिला निर्वाचन कार्यालय, साहिबगंज के तत्वावधान में जिला स्तरीय इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब क्विज प्रतियोगिता का आयोजन समहरणालय




सभागार किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के बोरियो, राजमहल एवं बरहेट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के माध्यम से चयनित कुल 34 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय लोकतंत्र की संरचना, निर्वाचन प्रक्रिया, मतदाता पंजीकरण, मतदान के महत्व, मतदाताओं के अधिकार एवं कर्तव्यों तथा भारत निर्वाचन आयोग की भूमिका से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराने का प्रयास किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से भारतीय संविधान, लोकतांत्रिक व्यवस्था, निर्वाचन प्रणाली, मतदाता जागरूकता, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन, निर्वाचन संबंधी नियमों तथा नागरिक सहभागिता से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे गए। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह, आत्मविश्वास एवं तत्परता के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए और अपनी विषयगत समझ, ज्ञान एवं प्रतिभा का परिचय दिया।कार्यक्रम में उपस्थित अपर समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं शिक्षा विभाग की ओर से जिला शिक्षा अधीक्षक सहित संबंधित पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक होना आवश्यक है। मतदान केवल एक अधिकार ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति नागरिकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों तक पहुंचाने तथा भविष्य में जागरूक एवं जिम्मेदार मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया।
राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे तीन विद्यार्थी
जिला स्तरीय इएलसी क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इनमें प्रथम स्थान पर शंभव शिवमणि, प्रोजेक्ट हाई स्कूल, राजमहल; द्वितीय स्थान पर करण कुमार दास, श्रीपुर बाजार, बोआरीजोर तथा तृतीय स्थान पर सौरव कुमार, सेंट जॉन बर्चनाम हाई स्कूल, मुंडली, राजमहल रहे। चयनित विद्यार्थी राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में साहिबगंज जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ निर्वाचन एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था से संबंधित ज्ञान को और अधिक विकसित करने का अवसर प्राप्त होगा।
निर्वाचन साक्षरता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल
जिला निर्वाचन कार्यालय, साहिबगंज के माध्यम से विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों के बीच निर्वाचन साक्षरता को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य किशोर एवं युवा वर्ग को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना, उन्हें मतदाता के अधिकारों एवं दायित्वों के प्रति जागरूक करना तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सहभागी निर्वाचन व्यवस्था के महत्व से परिचित कराना है।

## ग्रामीणों ने ली स्वच्छता की शपथ

संवाददाता

**साहिबगंज/बोरियो :** विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर गुरुवार, 19 नवंबर 2026 को बोरियो प्रखंड के बड़ा मदनशाही पंचायत में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विशेष बैठक का आयोजन किया गया।इस वर्ष की थीम स्वच्छ शौचालय, गरिमामय भविष्य के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को शौचालय के नियमित उपयोग,साफ-सफाई और बेहतर रखरखाव के प्रति जागरूक किया गया।बैठक के दौरान अधिकारियों ने स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि स्वच्छ शौचालय केवल सुविधा का साधन नहीं,बल्कि स्वस्थ जीवन, व्यक्तिगत गरिमा और बेहतर समाज की आधारशिला है।शौचालय का निर्माण कराने के साथ-साथ उसका नियमित उपयोग और उचित रखरखाव भी बेहद



जरूरी है। ग्रामीणों को खुले में शौच से होने वाली बीमारियों, गंदगी और पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में स्वच्छता के विभिन्न आयामों पर चर्चा करते हुए घर,आसपास के क्षेत्र और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने की अपील की गई।साथ ही ग्रामीणों को शौचालय की नियमित सफाई करने, पानी की उपलब्धता बनाए रखने तथा स्वच्छता संबंधी अच्छी आदतों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। सभी ने अपने घरों और आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वच्छता के प्रति अन्य लोगों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में पंचायत के उपमुखिया अलाउद्दीन अंसारी, कार्यपालक अभियंता शशि शेखर सिंह सहायक अभियंता, जिला समन्वयक, प्रखंड समन्वयक सहित आशीष कुमार यादव,गौरव कुमार एसडीओ जीनत परवीन ओसिम आलम एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन

संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले में 108 एम्बुलेंस सेवा में कार्यरत कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया।जिला अध्यक्ष रोहित रंजन कहना है कि कमजोरियों का पिछले चार महीने से उनका वेतन लंबित है।लंबे समय से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।धरना-प्रदर्शन एवं बिरोधी कर कर्मचारियों ने सरकार एवं संबंधित विभागों के समक्ष अपनी कई प्रमुख मांगें रखीं।इनमें कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान करना,ओवरटाइम एवं ग्रेच्युटी का भुगतान करना, श्रम विभाग के नियमानुसार वेतन निर्धारित करना,बीमा सुविधा लागू करना आरपीएफ ओ और इएसआईसी का लाभ उपलब्ध कराना शामिल है।कर्मचारियों ने यह भी मांग की कि एम्बुलेंस खराब रहने की



स्थिति में भी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए,ताकि वाहन में तकनीकी खराबी आने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान नहीं उठाना पड़े। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि एम्बुलेंस खराब होने पर जिला एसीओ एवं संबंधित कंपनी की ओर से वाहन की मरम्मत को लेकर कर्मचारियों पर दबाव बनाया जाता है।कर्मचारियों का कहना है कि कई बार वे अपने स्तर से एम्बुलेंस की मरम्मत करवाते हैं, लेकिन मरम्मत में खर्च हुई राशि का बिल कंपनी द्वारा भुगतान नहीं किया जाता है।संघ का कहना है कि 108 एम्बुलेंस सेवा आपातकालीन स्वास्थ्य व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है।कर्मचारी दिन-रात मरीजों को अस्पताल पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाते हैं,लेकिन समय पर वेतन और आवश्यक सुविधाएं नहीं मिलने से उनके सामने गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।मौके पर नारद सिंह, मिथुन सिंह, रोमा कुमारी, राजीव रंजन, वीरेंद्र चौधरी, आशीष रंजन, कुंदन वर्मा,सोनू कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस मुख्यालय में इंदिरा गांधी और सीताराम केसरी की जयंती मनी

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी तथा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय सीताराम केसरी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने दोनों नेताओं के चित्रों पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके राजनीतिक जीवन, नेतृत्व क्षमता और देश एवं संगठन के प्रति योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी को पूरी दुनिया में नारी शक्ति और सशक्त नेतृत्व के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। बैंकों का राष्ट्रीयकरण, देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने सहित उनके कई ऐतिहासिक फैसलों के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा।

## रेड एंड टेलर शोरूम का उद्घाटन करेंगे पंकज मिश्रा

**डांगी क्रिएशन के तत्वावधान में खुलेगा शर्टिंग-शूटिंग एवं रेडीमेड परिधानों का शोरूम**

संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर में कपड़ों की खरीदारी को लेकर ग्राहकों को एक और बेहतर विकल्प मिलने जा रहा है।आज डांगी क्रिएशन की ओर से रेड एंड टेलर शर्टिंग एवं शूटिंग शोरूम का उद्घाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव एवं प्रवक्ता पंकज मिश्रा करेंगे।यह शोरूम स्थानीय कॉलेज के पूर्वी फाटक के समीप एनआरपी सेंटर स्कूल के सामने खोला जा रहा है।शोरूम के प्रोपराइटर सोमनाथ शर्मा ने बताया कि यहां शर्टिंग-शूटिंग,कोट-पैंट, ब्लेजर सहित विभिन्न प्रकार के परिधान उपलब्ध होंगे।खासकर शादी-विवाह एवं अन्य विशेष अवसरों के लिए ग्राहकों को उचित कीमत पर कई तरह के कपड़े और परिधान मिलेंगे।उन्होंने कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग के लोगों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराना है,ताकि ग्राहक अपनी पसंद और बजट के अनुसार खरीदारी कर सकें।

## अंतरराष्ट्रीय कुश्ती दंगल का भव्य समापन 30 पहलवानों को किया गया सम्मानित

**महादेवगंज में स्टेडियम निर्माण के लिए डेढ़ करोड़ रुपये आवंटित रेजांगला युद्ध के 112 वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि**

संवाददाता

**साहिबगंज :** सदर प्रखंड के महादेवगंज स्थित डाकिनाथ महादेव गौशाला मेला परिसर में गोपाष्टमी के पावन अवसर पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता को भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के साथ नेपाल से पहुंचे नामी पहलवानों ने अपने शानदार दांव-पेंच और दमदार प्रदर्शन से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों की भीड़ उमड़ी।समापन समारोह के दौरान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 30 पहलवानों को सम्मानित किया गया। इनमें 10 पहलवानों को ट्रॉफी एवं




नकद पुरस्कार प्रदान किया गया,जबकि 20 पहलवानों को प्रतिष्ठित 'बाबू अर्जुन अवार्ड' देकर सम्मानित किया गया।आयोजकों ने पहलवानों का उत्साहवर्धन करते हुए कुश्ती की परंपरा को आगे बढ़ाने और युवाओं को इस खेल से जोड़ने का संदेश दिया।
112 वीर शहीद यादव सैनिकों को किया गया नमन
आयोजन के दौरान 18 नवंबर को रेजांगला शौर्य एवं यदुकुल सम्मान दिवस भी मनाया गया।वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान रेजांगला की ऐतिहासिक लड़ाई में देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए 112 यादव वीर सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर वीर सैनिकों के अदम्य साहस,शौर्य और बलिदान को याद करते हुए उन्हें राष्ट्र का गौरव बताया गया।
स्टेडियम निर्माण के लिए डेढ़ करोड़ रुपये का आवंटन बड़ी उपलब्धि
दो दिवसीय आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि महादेवगंज में स्टेडियम निर्माण के लिए डेढ़ करोड़ रुपये की राशि का आवंटन होना रहा। यादव महासभा के अनुसार, प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में झामुमो के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा के समक्ष क्षेत्र में स्टेडियम निर्माण की मांग रखी गई थी।इस पर उन्होंने दो वर्षों के भीतर स्टेडियम निर्माण कराने का आश्वासन दिया था।महासभा का दावा है कि मांग रखे जाने के महज आठ घंटे के भीतर ही स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति मिल गई और इसके लिए डेढ़ करोड़ रुपये की राशि आवंटित कर दी गई।इस निर्णय को क्षेत्र के खेल प्रेमियों और युवा पहलवानों के लिए बड़ी सौगात माना जा रहा है।स्टेडियम बनने से स्थानीय खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।इस उपलब्धि पर यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बजरंगी प्रसाद यादव ने झारखंड सरकार और पंकज मिश्रा के प्रति आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि स्टेडियम निर्माण से क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा और महादेवगंज भविष्य में खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बन सकेगा।कुश्ती प्रतियोगिता,वीर शहीदों को श्रद्धांजलि और स्टेडियम निर्माण की सौगात के साथ यह आयोजन खेल, सम्मान और सामाजिक एकजुटता का यादगार संदेश देकर संपन्न हुआ।

# ऑस्ट्रेलिया के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करेंगे सैम हार्पर

## इंग्लैंड के खिलाफ मिलेगा मौका

एजेंसी



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज सैम हार्पर इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के पहले मुकाबले में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करेंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। हार्पर अपने घरेलू मैदान मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर ऑस्ट्रेलिया के लिए पहला मैच खेलेंगे।

हार्पर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर स्कॉट बोलैंड के बाद पदार्पण करने वाले पहले विक्टोरियाई खिलाड़ी होंगे। बोलैंड ने 2021 में बॉक्सिंग डे एशेज टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए एक पारी में सात विकेट लेकर सुर्खियां बटोरी थीं। हालांकि, बोलैंड इससे पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके थे, जबकि हार्पर का यह ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय टीम के लिए पहला मुकाबला होगा।

29 वर्षीय हार्पर को नियमित विकेटकीपर जोश इंग्लिस की गैरमौजूदगी में मौका मिला है। इंग्लिस न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए पांच मैचों की टी20 सीरीज से बाहर रहेंगे।

सैम हार्पर ने मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से बातचीत में कहा, ह्लएक विक्टोरियाई खिलाड़ी होने के नाते मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत करना मेरे लिए बेहद खास है। मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं।ह्व

उन्होंने अपने करियर में आए बदलाव और मानसिकता के बारे में कहा,ह्लकुछ साल पहले मैंने खुद से एक वादा किया था कि चाहे मुझे एक और बिग बैश लीग खेलनी पड़े, दो और सत्र खेलने पड़ें या फिर बेल्जियम और श्रीलंका में क्रिकेट खेलना पड़े, मैं हर जगह अपने स्वाभाविक अंदाज में खेलूंगा। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करूंगा, खेल का आनंद लूंगा और उसी तरह क्रिकेट खेलूंगा, जैसे अंडर-11 के दिनों में खेला करता था।।

पिछले 12 से 18 महीनों में बेल्जियम, श्रीलंका और फिर दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट टीम के साथ रहने तक मैंने हमेशा मुस्कुराते हुए क्रिकेट खेला है। मुझे लगता है कि अब मैंने खुद पर जरूरत से ज्यादा दबाव डालने के बजाय अपनी क्षमता के मुताबिक स्वाभाविक खेल दिखाना शुरू कर दिया है।ह्व

हार्पर पिछले सत्र में बिग बैश लीग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए थे। उन्होंने टूर्नामेंट में 54 की औसत से 381 रन बनाए थे। इसके अलावा श्रीलंका प्रीमियर लीग में गॉल गैलेंट्स की ओर से खेलते हुए 425 रन बनाकर टीम को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

उनके प्रदर्शन का असर राष्ट्रीय चयन में भी दिखा। ऑस्ट्रेलिया ए की ओर से पदार्पण पर शतक लगाने के बाद उन्हें दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टेस्ट टीम में जगह मिली थी। अब वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं।

### ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड टी20 सीरीज का कार्यक्रम

- पहला टी20 : 21 नवंबर, मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड, शाम 7:15 बजे (ऑस्ट्रेलियाई समय)।
- दूसरा टी20 : 24 नवंबर, गोल्ड कोस्ट स्टेडियम, शाम 7:15 बजे।
- तीसरा टी20 : 27 नवंबर, गाबा, शाम 7:15 बजे।
- चौथा टी20 : 29 नवंबर, सिडनी क्रिकेट ग्राउंड, शाम 7:15 बजे।

### ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दोनों के सामने टीम संयोजन की चुनौती

ऑस्ट्रेलिया की टीम को इस सीरीज में कई प्रमुख खिलाड़ियों के बिना उतरना होगा। जोश इंग्लिस के अलावा ट्रेविस हेड, मैथ्यू रेनशॉ, कैमरन ग्रीन और कूपर कोनोली भी न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी चार टेस्ट मैचों की सीरीज की तैयारी में जुटेंगे। कैमरन ग्रीन फिलहाल कन्कशन प्रोटोकॉल में हैं। दूसरी ओर, इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक की टीम भी कुछ प्रमुख खिलाड़ियों के बिना खेलेगी। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन और सन्नी बेकर को एकदिवसीय सीरीज के बाद आराम दिया गया है। ब्रूक और विकेटकीपर जॉर्डन कॉक्स सिडनी में चौथे टी20 मुकाबले के बाद दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए रवाना होंगे। ब्रूक ने कहा कि उनकी टीम टी20 क्रिकेट में शानदार लय में है और लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। टीम का लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया में सीरीज जीतना है। उन्होंने यह भी कहा कि टीम में कुछ युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। इनमें 18 वर्षीय थॉमस रेव के अलावा युवा गेंदबाज एडी जैक और हेनरी क्रॉम्ब शामिल हैं।

रश्मि देसाई से तलाक के 10 साल बाद

# नंदिश संधू ने की दूसरी शादी

कविता संग बंगाली रीति-रिवाज से लिए सात फेरे





**रश्मि देसाई के एक्स पति नंदिश संधू ने दूसरी शादी कर ली है. 44 साल की उम्र में 'उतरन' फेम एक्टर ने कविता बनर्जी से शादी की है. 14 नवंबर को दोनों बंगाली रीति-रिवाज से परिणय सूत्र में बंधे. उन्होंने धूम-धाम से शादी की जिसमें इंडस्ट्री के कई लोग शामिल हुए थे.**

**एक्ट्रेस** रश्मि देसाई के एक्स पति नंदिश संधू ने 44 साल की उम्र में दूसरी बार शादी कर ली है. वो 14 नवंबर को कविता बनर्जी के साथ परिणय सूत्र में बंधे. एक्टर ने इंस्टाग्राम पर शादी की फोटोज और वीडियोज शेयर किए हैं. वो बंगाली रीति-रिवाज से परिणय सूत्र में बंधे. नंदिश संधू ने अपनी गर्लफ्रेंड कविता बनर्जी संग धूमधाम से शादी की. उनकी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर उनकी शादी की तस्वीरें नजर आ रही हैं.

कविता बंगाली हैं जबकि नंदिश संधू पंजाबी हैं. दोनों की शादी की फोटोज सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं. नंदिश संधू ने रश्मि देसाई से तलाक के 10 साल बाद कविता बनर्जी के दूसरी शादी की. कपल ने शादी के लिए बंगाली पोशाक पहनी थी. एक्ट्रेस कविता ने बंगाली रीति-रिवाज के अनुसार लाल रंग की बनारसी साड़ी पहनी थी. वहीं नंदिश ने बंगाली कुर्ता-पायजामा पहना था. उन्होंने बंगाली स्टाइल से शादी का वीडियो शेयर किया है. इन फोटोज पर फैंस ने दिल खोलकर प्यार लुटाया है. कविता बनर्जी और नंदिश संधू काफी समय से डेट कर रहे थे. कपल ने कुछ समय पहले अपने रिश्ते का ऐलान किया था. वो सोशल मीडिया पर अक्सर एक-दूसरे संग फोटोज डालते रहते हैं. नंदिश संधू ने इंस्टाग्राम पर अपनी सगाई और हल्दी-मेहंदी की फोटोज भी शेयर की हैं. हल्दी के लिए एक्टर ने मल्टी कलर का कुर्ता पहना था जबकि एक्ट्रेस कविता बनर्जी ने लेमन येल्लो कलर का लहंगा पहना था. वहीं कपल ने संगीत का वीडियो शेयर किया है जिसमें वो दोनों ही वेस्टर्न कपड़ों में दिख रहे हैं. कविता बनर्जी ने पीच कलर का गाउन पहना है. वहीं एक्टर ग्रे कलर के सूट में दिख रहे थे. कविता बेहद ग्लैमरस अवतार में नजर आईं. वहीं नंदिश संधू का डैशिंग लुक दिखा था.

अर्जुन रामपाल ने कहा-

# 10-15 फिल्में मेरी ऐसी हैं जो याद रखी जाएंगी

**बॉलीवुड** एक्टर अर्जुन रामपाल ने अपने करियर के ढाई दशक पूरे कर लिए हैं. एक्टर ने इस मौके पर अपने करियर पर बात की है. उन्होंने बताया है कि उनकी 10-15 फिल्में ऐसी हैं जिन्हें लंबे वक्त तक याद किया जाएगा. बॉलीवुड इंडस्ट्री में अर्जुन रामपाल ने शानदार अभिनय किया है. अपनी पर्सनालिटी से भी उन्होंने फैंस का दिल जीता है. आमतौर पर वे सपोर्टिंग रोल्स में नजर आए हैं और इस रोल में कई दफा लीड एक्टर्स पर भी हावी हो गए हैं. उन्हें रॉकऑन फिल्म में सपोर्टिंग रोल के लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला है. एक्टर को इंडस्ट्री में देखते ही देखते अच्छा खासा वक्त भी हो चुका है. वे बॉलीवुड इंडस्ट्री में 25 साल पूरे कर चुके हैं. इस मौके पर उन्होंने हाल ही में बात की और फिल्म इंडस्ट्री में इतना लंबा सफर तय करने पर रिएक्ट किया. अर्जुन रामपाल ने इस मौके पर बताया कि उन्होंने अब तक जितनी भी फिल्में की हैं उसमें से 10-15 फिल्में तो ऐसी हैं जिन्हें फैंस लंबे वक्त तक याद रखेंगे. साथ ही उन्होंने अपने फेवरेट फिल्ममेकर्स के बारे में भी बात की है.

### अर्जुन रामपाल ने क्या कहा?

अर्जुन रामपाल ने फिल्ममेकर्स संग टाइअप के बारे में बात करते हुए कहा- 'अलग-अलग फिल्ममेकर्स संग कोलाबोरेट करने से अलग-अलग फिल्मों में ढलने में मदद मिलती है. आपको अपने आप को पूरी तरह से खुला और बिंदास रखना है. जिससे फिल्ममेकर को आप पर भरोसा जागे और वो कहे कि ये बंदा फिल्म के लिए परफेक्ट है. आप उनके प्रोसेस में खुद को सरेंडर कर लीजिए. मैंने आदित्य धर, हनी त्रेहान और अपर्णा सेन की फिल्मों में काम करते वक्त ऐसा ही किया. 25 साल के करियर के दौरान इस गेम में बने रहना बहुत जरूरी है. मुझे भरोसा है कि मेरी 10-15 फिल्में ऐसी हैं जो लंबे वक्त तक याद रखी जाएंगी.

### धुरंधर फिल्म से छा गए अर्जुन रामपाल

फिल्मों को एक्सप्लोर करने के लिहाज से साल 2025 और 2026 अर्जुन रामपाल के लिए काफी शानदार रहा है. इस दौरान उन्होंने निकिता रॉय नाम की फिल्म में काम किया था. वहीं उन्होंने धुरंधर और धुरंधर 2 में आईएसआई एजेंट मेजर इकबाल के रोल में शानदार काम किया. इसके बाद सुतलज फिल्म में उनके अभिनय की सराहना हुई और ब्लाइंड गेम में सिकंदर के रोल में भी उन्हें पसंद किया गया. अब मौजूदा समय में वे दो बड़े प्रोजेक्ट्स का हिस्सा हैं. वे तीसवी मंजिल और ऑपरेशन गंगा जैसी फिल्म में नजर आएंगे.

# जान्हवी ने सुनाया दर्दनाक पल

## मां श्रीदेवी की मौत की खबर सुनते ही खुशी के कमरे में भागी थीं जान्हवी कपूर



**अभिनेत्री** जान्हवी कपूर और खुशी कपूर के लिए मां श्रीदेवी को खोने का दर्द आज भी उनकी जिंदगी का सबसे मुश्किल दौर है। श्रीदेवी के निधन की खबर दोनों बहनों के लिए किसी बड़े सदमे से कम नहीं थी। 'कॉफी विद करण' के आठवें सीजन में जान्हवी और खुशी ने उस पल को याद किया था, जब उन्हें पहली बार मां के निधन की खबर मिली थी। जान्हवी ने बताया था कि फोन पर यह खबर सुनते ही वह बदहवास होकर खुशी के कमरे में पहुंची थीं, लेकिन बहन ने उन्हें देखते ही अपने आंसू रोक लिए और उल्टा जान्हवी को संभालने लगीं। शो के दौरान होस्ट और फिल्ममेकर करण जौहर से बातचीत में जान्हवी ने बताया था कि जब उन्हें मां के निधन की खबर मिली, तब वह अपने कमरे में थीं। फोन आने के बाद वह तुरंत खुशी के कमरे की तरफ भागी। उन्होंने बताया कि खुशी पहले से ही रो रही थीं, लेकिन जैसे ही उनकी नजर जान्हवी पर पड़ी, उन्होंने रोना बंद कर दिया।

# ओम के लिए साई ने कटवा दिए अपने लंबे बाल



**अभिनेत्री** साई पल्लवी बहुप्रतीक्षित एक्शन-ड्रामा फिल्म 'ओमः चैप्टर 1-उधिराम : द ब्लड वुड' में आईपीएस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी। अभिनेत्री ने बताया कि फिल्म में नित्या रेड्डी के किरदार के लिए बाल कटवाने के फैसले से उनकी मां नाराज हो गई थीं। हाल ही में एक पॉडकास्ट में साई पल्लवी और डायरेक्टर राजकुमार पेरियासामी ने खुलासा किया कि फिल्म 'ओमः चैप्टर 1 - उधिराम : द ब्लड वुड' में आईपीएस अधिकारी का किरदार निभाने के लिए जब उन्होंने अपने लंबे बाल कटवाए, तो इसकी जानकारी उनकी मां को पहले से नहीं थी। अभिनेत्री ने कहा, ' बाल कटवाने के बाद सबसे पहले मैंने अपनी मां को वीडियो कॉल करके अपना नया लुक दिखाया था। छोटे बालों में मुझे देखकर मेरी मां बिल्कुल हैरान रह गईं और अचानक फोन (वीडियो कॉल) काट दिया। मां के कॉल काटने के कुछ देर बाद मेरे पिताजी का फोन आया। उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैंने कोई विग पहनी है। तब मैंने उन्हें समझाया कि यह फिल्म के किरदार की जरूरत के लिए ऐसा किया है।

# टोटल चेस फाइनल में गिरी ने बनाई बढ़त

## कार्लसन ने शानदार वापसी से जीता मुकाबला



**बुडापेस्ट।** नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी ने टोटल चेस विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट के फाइनल के पहले दिन ईरान के अलीरेजा फिरोजा को 11-9 से हराकर बढ़त बना ली। गुरुवार को खेले गए मुकाबले में गिरी की ब्लिट्ज में बेहतर प्रदर्शन निर्णायक साबित हुआ। दोनों खिलाड़ियों के बीच रैपिड मुकाबलों में एक-एक जीत हुई, जबकि फास्ट क्लासिकल गेम ड्रॉ रहा। गिरी को शुक्रवार को खिताब जीतने के लिए केवल जीत या ड्रॉ की जरूरत है। वहीं, फिरोजा को मुकाबला बराबर कर टाईब्रेक तक पहुंचाने के लिए दूसरे दिन जीत दर्ज करनी होगी। दोनों दिनों के अंक अलग-अलग रखे जाएंगे। यदि दोनों खिलाड़ी एक-एक दिन जीतते हैं या दोनों दिन ड्रॉ रहते हैं तो आमगेडन टाईब्रेक से विजेता का फैसला होगा। नॉकआउट के प्रत्येक दिन सात मुकाबले खेले जाते हैं, जिनमें चार ब्लिट्ज, दो रैपिड और एक फास्ट क्लासिकल गेम शामिल है। ब्लिट्ज में जीत पर एक, रैपिड में चार और फास्ट क्लासिकल में आठ अंक मिलते हैं। ड्रॉ होने पर दोनों खिलाड़ियों को आधे अंक दिए जाते हैं।

**कारुआना ने भी बनाई बढ़त :** तीसरे स्थान के लिए खेले जा रहे मुकाबले में अमेरिका के फैबियानो कारुआना ने फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव को पहले दिन 11-9 से हराया। कारुआना ने शुरूआती दोनों ब्लिट्ज गेम जीते। उन्होंने एक जीत सफेद और दूसरी काले मोहरों से दर्ज की। इसके बाद बाकी पांचों गेम ड्रॉ रहे। कारुआना को तीसरा स्थान हासिल करने के लिए शुक्रवार को जीत या ड्रॉ की जरूरत है।

**कार्लसन की शानदार वापसी :** दुनिया के दिग्गज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने 17वें स्थान के मुकाबले में व्लादिस्लाव आर्टेमिएव को 11-9 से हराकर दिन का अंत जीत के साथ किया। कार्लसन एक समय 3-9 से पीछे चल रहे थे। उन्होंने चार में से तीन ब्लिट्ज गेम जीते थे, लेकिन रैपिड के दोनों मुकाबले गंवा दिए। इसके बाद फास्ट क्लासिकल गेम में सफेद मोहरों से जीत दर्ज कर उन्होंने मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस प्रतियोगिता में फास्ट क्लासिकल प्रारूप में कार्लसन की यह पहली जीत रही।

# वेलिंगटन टेस्ट दूसरा दिनः जायसवाल-राहुल ने भारत को दिलाई मजबूत शुरूआत, 1 विकेट पर बनाए 159 रन



**वेलिंगटन।** यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल के बीच हुई 130 रन की शानदार साझेदारी की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में मजबूत शुरूआत की है। न्यूजीलैंड की पहली पारी के 368 रन के जवाब में भारतीय टीम ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में एक विकेट के नुकसान पर 159 रन बना लिए हैं। इस तरह भारत अब न्यूजीलैंड से 209 रन पीछे है, जबकि उसके नौ विकेट सुरक्षित हैं। दिन का खेल समाप्त होने पर केएल राहुल 52 रन बनाकर नाबाद थे, जबकि देवदत्त पडिक्कल 15 रन बनाकर उनका साथ दे रहे थे।

भारत की ओर से यशस्वी जायसवाल ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 85 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। उन्होंने 89 गेंदों का सामना किया और 16 चौके लगाए। हालांकि, वह अपना शतक पूरा करने से चूक गए। दूसरी ओर, राहुल ने संयम और आक्रामकता का अच्छा संतुलन बनाते हुए नाबाद अर्धशतक पूरा किया। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने भारतीय पारी को शानदार शुरूआत दिलाई और न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर दबाव बनाया।

### जायसवाल और राहुल ने संभाली भारतीय पारी

न्यूजीलैंड की पहली पारी 368 रन पर समाप्त होने के बाद भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने सावधानी के साथ पारी की शुरूआत की। भारत ने दूसरे दिन के अंतिम सत्र में अपनी पारी आगे बढ़ाई। उस समय टीम का स्कोर बिना किसी नुकसान के 16 रन था। जायसवाल 11 और राहुल पांच रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। शुरूआती ओवरों में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी और काइल जैमीसन ने अपनी सटीक लाइन-लेंथ और उछाल से भारतीय बल्लेबाजों को परेशान करने की कोशिश की। भारतीय सलामी जोड़ी ने हालांकि धैर्य बनाए रखा और धीरे-धीरे रन गति बढ़ानी शुरू की। जायसवाल ने हेनरी की गेंदों पर दो चौके लगाकर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए, जबकि राहुल ने जैकब डफी के खिलाफ आकर्षक शॉट लगाकर रन बटोरे।

भारत ने 13.4 ओवर में 50 रन पूरे किए। इसके बाद दोनों बल्लेबाजों ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर दबाव बनाना शुरू किया। शुरूआती 10 ओवर में भारत ने 23 रन बनाए थे, लेकिन अगले 10 ओवर में 56 रन जोड़कर अपनी रन गति में उल्लेखनीय सुधार किया। 20 ओवर की समाप्ति पर भारत का स्कोर बिना किसी नुकसान के 79 रन था। उस समय जायसवाल 43 और राहुल 34 रन बनाकर खेल रहे थे।

जायसवाल ने जैकब डफी के 22वें ओवर में तीन शानदार चौके लगाए। इनमें उनका स्ट्रेट ड्राइव विशेष रूप से आकर्षक रहा। उन्होंने 66 गेंदों में आठ चौकों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद नाथन स्मिथ की गेंद पर चौका लगाकर भारत ने 23.4 ओवर में 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया।

जायसवाल ने इसके बाद आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और विकेटकीपर के ऊपर से शानदार रैंप शॉट खेलकर गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। हालांकि, उनकी शानदार पारी का अंत मैट हेनरी ने किया। हेनरी की गेंद पर जायसवाल ने विकेट के पीछे टॉम ब्लंडेल को कैच थमा दिया। न्यूजीलैंड ने रिव्यू लिया, जिसमें फैसला गेंदबाज के पक्ष में गया। इस तरह भारत को 27.5 ओवर में 130 रन के स्कोर पर पहला झटका लगा।

# चक्रवात 'आकवान' का असर दक्षिण बंगाल में लगातार बारिश

## गंगासागर समुद्र तट पर प्रशासन की माइकिंग

एजेंसी

**कोलकाता।** चक्रवात ह्यआकवानह्न के प्रभाव से दक्षिण बंगाल के विभिन्न जिलों में लगातार बारिश हो रही है। आज उत्तर आंध्र प्रदेश और उससे सटे दक्षिण ओडिशा के तटीय इलाकों में चक्रवात के दस्तक देने की संभावना है। हालांकि इसका लैंडफॉल दूसरे राज्यों के तटीय क्षेत्र में होने वाला है, लेकिन इसके प्रभाव से पश्चिम बंगाल के दक्षिणी जिलों में मौसम प्रभावित है। मौसम विभाग ने दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में हल्की से मध्यम तथा कई स्थानों पर भारी बारिश की



संभावना जताई है। वहीं, तटीय और उससे सटे जिलों में एक-दो स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश को लेकर भी चेतावनी जारी की गई है। संभावित प्राकृतिक आपदा को देखते हुए राज्य के तटीय इलाकों में प्रशासनिक सतर्कता बढ़ा दी गई है। दक्षिण 24 परगना के गंगासागर में शुक्रवार सुबह से ही प्रशासन की ओर से लगातार माइकिंग कर लोगों को सतर्क किया जा रहा है। कपिल मुनि आश्रम के सामने समुद्र तट पर ब्लॉक प्रशासन की ओर से सिविल डिफेंस के कर्मी लगातार गश्त कर रहे हैं। माइकिंग के माध्यम से श्रद्धालुओं और पर्यटकों से तत्काल समुद्र से बाहर निकलने तथा सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है। प्रशासन की ओर से समुद्र में जाने और तट के आसपास अनावश्यक रूप से रुकने से बचने की हिदायत भी दी जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवात का प्रभाव आज के बाद धीरे-धीरे कम होने की संभावना है। हालांकि बारिश से फिलहाल पूरी तरह राहत मिलने के आसार नहीं हैं। 21 से 23 नवंबर तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश जारी रह सकती है। मौसम में सुधार की संभावना 24 नवंबर से जताई गई है। इसके बाद धीरे-धीरे स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। फिलहाल प्रशासन की प्राथमिकता गंगासागर सहित अन्य तटीय क्षेत्रों में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### दीघा का समुद्र तट पर्यटकों से खाली, समुद्र में स्नान पर प्रतिबंध

**कोलकाता।** चक्रवाती तूफान 'अकवान' के प्रभाव से दक्षिण बंगाल के कई जिलों में लगातार बारिश हो रही है। रातभर हुई बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। शुक्रवार दोपहर पूर्व मेदिनीपुर के दीघा, मंदारमणि और ताजपुर सहित तटीय इलाकों में समुद्र अशांत हो गया है। दीघा का समुद्र तट पर्यटकों से खाली है। वहीं, दक्षिण 24 परगना के बकखाली और गंगासागर में भी समुद्र में ऊंची लहरें उठ रही हैं। शुक्रवार दोपहर को कोलकाता, पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर, बांकुड़ा और दक्षिण 24 परगना सहित दक्षिण बंगाल के कई जिलों में बारिश जारी है। तटीय क्षेत्रों में तेज हवाएं भी चल रही हैं। बारिश के कारण सड़कों पर आवाजाही कम हो गई है और आम लोगों के दैनिक कामकाज पर असर पड़ा है। पूर्व मेदिनीपुर जिले के दीघा, मंदारमणि, ताजपुर, हल्दिया, कोलाघाट, तमलुक, नंदकुमार, भगवानपुर और नंदीग्राम में लगातार बारिश हो रही है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### पिता-पुत्री की हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल, पुलिस करेगी जांच



**भागलपुर।** जिले के बिहपुर प्रखंड के बिहपुर मध्य पंचायत क्षेत्र में छठ पूजा के दौरान कथित हर्ष फायरिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक सेवानिवृत्त सैनिक अपनी पुत्री के साथ बंदूक से फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि छठ पूजा के अवसर पर कथित तौर पर लाइसेंसी बंदूक से यह फायरिंग की गई है। वीडियो में युवती अपने पिता के साथ बंदूक चलाती दिख रही है और उनके पीछे कुछ अन्य लोग भी खड़े हैं। सोशल मीडिया पर यह वीडियो 'कोमल कुमारी' नाम के आईडी से साझा किए जाने की बात सामने आई है। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं।मुख्यालय डीएसपी सह प्रभारी एसडीपीओ मनोज कुमार सुमन ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच कराई जाएगी। जांच में वीडियो की सत्यता और घटना से जुड़े तथ्यों का पता लगाकर दोषियों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### एनएच-20 पर खड़े टैंकर में घुसी कार, मासूम की मौत



**नवादा।** नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग-20 पर स्वास्तिक होटल के समीप भीषण सड़क हादसा हो गया। बंगाल से पटना जा रही तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार सड़क किनारे खड़े टैंकर में पीछे से जा घुसी। हादसे में तीन साल के मासूम की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। मृतक अयांश शर्मा (3), पिता रामप्रवेश पांडेय है। घायलों में करण शर्मा, फूलवती देवी (55), अनिता कुमारी (37), प्रीति शर्मा (17) और अंजली शर्मा (30) शामिल हैं। सभी बंगाल के रहने वाले बताए गए हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया। सूचना पर एनएचएआई की एंबुलेंस और डायल-112 की पुलिस टीम पहुंची। सभी को अनुमंडलीय अस्पताल रजौली लाया गया। चिकित्सक डॉ. गजेंद्र कुमार ने अयांश को मृत घोषित किया। प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को बेहतर इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि तीन का इलाज रजौली में चल रहा है। रजौली थाने के पुलिस पदाधिकारी जेपी चौधरी और सचिन कुमार भी अस्पताल पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बिहार के बक्सर में कार-बाइक की टक्कर में 6 युवकों की मौत, 2 गंभीर

**पटना।** बिहार में बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के सोनपा गांव के पास गुरुवार देररात कार और बाइक के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में छह युवकों की मौत हो गई, जबकि अन्य दो की हालत नाजुक बनी हुई है। उत्तर प्रदेश के गहमर थाना क्षेत्र के भतउरा गांव के पांच युवक कार पर सवार होकर रामगढ़-मोहनिया की ओर जा रहे थे। इस दौरान सोनपा गांव की तरफ से तीन युवक बाइक पर सवार होकर मुख्य सड़क पर निकले। इस दौरान कार और बाइक के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 6 लोगो की मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हैं। मृतकों में उत्तर प्रदेश के गहमर थाना क्षेत्र के भतउरा गांव निवासी इरफान अंसारी (25 ), अरबाज अंसारी (20 ) और बादल कुमार (30 ) शामिल हैं। बाइक सवार तीन युवक की भी मौत हुई है। इसमें उत्तर प्रदेश के उतरौली निवासी अरुण कुमार राजभर (21 ), शिवम कुमार और शुभम कुमार शामिल हैं। शुभम कुमार राजपुर थाना क्षेत्र के सॉरी गांव और शिवम कुमार (18 ) राजपुर थाना क्षेत्र के सिकरौल गांव निवासी हैं। ग्रामीणों के अनुसार, कार में पांच और बाइक पर तीन युवक सवार थे। हादसे में चार लोगों की मौत के बाद बाकी चार घायलों को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने दो घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। अन्य घायलों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

### बांग्लादेश में अवामी लीग के पूर्व सांसद अताउल हक डोलन गिरफ्तार अभिनेता टोमल महबूब हिरासत में

**ढाका (बांग्लादेश)।** बांग्लादेश में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी के नेताओं और समर्थकों की धरपकड़ तेज हो गई है।




हसीना के दिसंबर में स्वदेश लौटने की घोषणा पर सरकार के नकारात्मक रुख से देश में गृह युद्ध जैसे हालात पैदा हो गए। गोपालगंज से लेकर ढाका तक तनाव है। बिगड़े हालात के बीच गुरुवार देररात ढाका में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने सतखीरा-4 से अवामी लीग के पूर्व सांसद एसएम अताउल हक डोलन को गिरफ्तार कर लिया। उधर, अभिनेता टोमल महबूब को देररात हिरासत में ले लिया। द डेली स्टार और ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, स्पेशल रिस्पॉन्स बटालियन (एसआरबी) ने राजधानी के बारीधारा इलाके से डोलन को गिरफ्तार किया। एसआरबी के लीगल एंड मीडिया विंग के निदेशक, विंग कमांडर एमजेडएम इंतखाब चौधरी ने बताया कि हमारी टीम ने कार्रवाई करते हुए रात करीब 11:20 बजे उन्हें गिरफ्तार किया। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) को सौंपा जाएगा।

## अवैध खनन मामले में डीएमके के पूर्व मंत्री मूर्ति के आवास पर पुलिस की छापेमारी



एजेंसी

**मदुरै।** तमिलनाडु में पत्थर खदानों में नियमों का उल्लंघन कर लाल मिट्टी और पत्थरों के अवैध खनन के मामले में दर्ज मुकदमे के सिलसिले में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के पूर्व मंत्री मूर्ति के मदुरै स्थित आवास पर शुक्रवार सुबह पुलिस ने छापेमारी की।

पिछली डीएमके सरकार में मूर्ति वाणिज्यिक कर एवं पंजीकरण विभाग के मंत्री थे। मदुरै जिले के अलंगानल्लूर और पालामेडु क्षेत्रों में स्थित पत्थर खदानों में निर्धारित सीमा से अधिक लाल मिट्टी और पत्थरों का खनन किए जाने की शिकायतें सामने आई थीं।

इन शिकायतों के आधार पर मदुरै जिला अपराध शाखा पुलिस ने पूर्व मंत्री मूर्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इसी मामले में पुलिस ने शुक्रवार सुबह उनके मदुरै स्थित आवास पर अचानक छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस अधिकारी पत्थर खदानों के टेंडर से संबंधित दस्तावेजों और लाल मिट्टी तथा पत्थरों के खनन से जुड़े रिकॉर्ड की जांच कर रहे हैं। कार्रवाई के दौरान पूर्व मंत्री के आवास के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस मामले से संबंधित दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों की पड़ताल कर रही है।

## मप्र के कूनो में फिर बढ़ा चीतों का कुनबा, बोत्सवाना से आई मादा चीता ने 4 शावकों को दिया जन्म

### देश में चीतों की संख्या बढ़कर 62 हुई, इनमें 43 भारत में जन्मे

एजेंसी

**भोपाल।** भारत में प्रोजेक्ट चीता के तहत अफ्रीकी देशों से लाकर बसाए गए चीतों का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान से एक बार फिर खुशखबरी आई है। यहां बोत्सवाना से लाई गई मादा चीता केओएमजी-3 ने शुक्रवार को चार स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। इसके बाद देश में चीतों की संख्या बढ़कर 62 हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर उक्त जानकारी साझा की है। उन्होंने शुक्रवार को मादा चीता का शावकों के साथ एक फोटो और वीडियो भी शेयर किया है, साथ ही इसे प्रोजेक्ट चीता के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण



उपलब्धि बताया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बोत्सवाना से लाई गई ढाई वर्ष की मादा चीता केओएमजी-3 ने आज कूनो राष्ट्रीय उद्यान के जंगल में चार स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। इस उपलब्धि के साथ ही भारत में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 62 हो गई है, जिनमें 43 चीतों ने भारत में जन्म लिया है। चार वर्ष पूर्व शुरू हुआ चीता पुनर्वास कार्यक्रम एक उल्लेखनीय उदाहरण बना है। उन्होंने आगे कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत में वन्यजीव संरक्षण के संकल्प की बड़ी सफलता है। मध्यप्रदेश के लिए यह विशेष गर्व का विषय है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए प्रोजेक्ट चीता से जुड़े सभी वन्यजीव विशेषज्ञों, पशु चिकित्सकों एवं वनकर्मियों को हार्दिक बधाई। वहीं, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी एक्स पर मादा चीता के साथ शावकों का वीडियो और फोटो शेयर किया है। उन्होंने लिखा कि बोत्सवाना से आई ढाई साल की मादा चीता केओएमजी-3 ने आज जंगल में चार स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। खास बात यह है कि वह बोत्सवाना से आई पहली मादा चीता है जिसने बच्चों को जन्म दिया है। यह 'प्रोजेक्ट चीता' के लिए एक अहम पल है और भारत में चीतों की आबादी को फिर से बसाने की दिशा में एक गर्वपूर्ण उपलब्धि है।

## कोडाइकनाल से लौट रही वैन 100 फीट गहरी खाई में गिरी, तीन लोगों की मौत

एजेंसी

**डिंडीगुल।** तमिलनाडु के कोडाइकनाल में शादी के बाद आयोजित रिसेप्शन और गृह प्रवेश समारोह में शामिल होकर लौट रहे रिश्तेदारों की वैन 100 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद पलानी क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। डिंडीगुल जिले के पलानी स्थित मदीना नगर निवासी फूलों के व्यापारी मुजीब रहमान की बेटी की शादी 15 नवंबर को कोडाइकनाल के मुञ्जिकल निवासी एक युवक से हुई थी। इसके बाद 19 नवंबर को कोडाइकनाल के मुञ्जिकल के पास आयोजित रिसेप्शन और गृह प्रवेश



समारोह में शामिल होकर परिवार के लोग पलानी लौट रहे थे। वैन में पलानी के मदीना नगर, बड़ी मस्जिद स्ट्रीट और उदुमलपेट के कुल 19 रिश्तेदार सवार थे।

इसी दौरान सवरिकाडु के पास चालक का वैन से नियंत्रण खो गया और वाहन करीब 100 फीट गहरी खाई में पलट गया। दुर्घटना के बाद वैन में सवार लोग अंदर फंस गए। हादसे की सूचना मिलते ही पलानी और कोडाइकनाल के अग्निशमन विभाग के कर्मचारी तथा पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से खाई में उतरकर बड़े स्तर पर बचाव अभियान चलाया गया।रात का समय और घना जंगल होने के कारण बचाव कार्य में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

## अभिषेक बनर्जी की टिप्पणी पर कलकत्ता हाई कोर्ट सख्त नाराजगी के बावजूद 29 जनवरी तक बढ़ाया अंतरिम संरक्षण

एजेंसी

**कोलकाता।** न्यायपालिका के खिलाफ अभिषेक बनर्जी की हालिया टिप्पणियों को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कड़ा असंतोष व्यक्त किया है। हालांकि, अदालत ने कड़ी नाराजगी जताने के बावजूद उन्हें राहत देते हुए उनके अंतरिम संरक्षण की अवधि आगामी 29 जनवरी तक बढ़ा दी है। शुक्रवार को मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने स्पष्ट किया कि एक सांसद से इस तरह के बयानों की अपेक्षा नहीं की जाती। उन्होंने सवाल किया कि यदि कोई सांसद इस प्रकार की टिप्पणी करता है, तो उसके अनुयायियों के बीच क्या संदेश जाएगा। न्यायमूर्ति ने



न्यायपालिका के खिलाफ दिए गए इन बयानों को अत्यंत पीड़ादायक और अस्वीकार्य करार दिया। उन्होंने टिप्पणी की कि अभिषेक की बातें भले ही जानबूझकर और सुनियोजित ढंग से की गई अदालत की अवमानना न हों, लेकिन इस तरह के बयानों से बचा जा सकता था। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने अभिषेक की टिप्पणियों का हवाला देते हुए उनके अंतरिम संरक्षण का विरोध किया। इस पर न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने राज्य सरकार से पूछा कि क्या न्यायपालिका के खिलाफ टिप्पणी करने के आधार पर किसी के अंतरिम संरक्षण के विस्तार की अर्जी खारिज की जा सकती है और क्या इसे जानबूझकर की गई अवमानना कहा जा सकता है? अदालत ने राज्य से यह भी जानना चाहा कि क्या ऐसी कोई नई या बदली हुई परिस्थिति पैदा हुई है, जिसके कारण अभिषेक का संरक्षण वापस लिया जाए या उसकी अवधि न बढ़ाई जाए।

मामले को स्पष्ट करते हुए न्यायमूर्ति ने कहा कि ये दोनों विषय अलग-अलग हैं। यदि उपयुक्त परिस्थिति बनती है, तो अदालत की अवमानना की कार्यवाही शुरू की जा सकती है, लेकिन वह एक पूरी तरह से अलग कानूनी प्रक्रिया है।

## वैश्विक कमजोरी के बीच भारतीय बाजार की शानदार रिकवरी 463 अंक टूट कर खुलने के बाद हरे निशान में लौटा सेंसेक्स

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** घरेलू शेयर बाजार में आज जोरदार गिरावट के साथ शुरूआत होने के बाद शानदार रिकवरी का माहौल बना हुआ नजर आ रहा है। ग्लोबल मार्केट से मिले बेहद कमजोर संकेतों, अमेरिकी बाजार में तकनीकी शेयरों की बड़ी बिकवाली और एशियाई बाजारों में आए भूचाल के कारण आज सुबह घरेलू बाजार पर भारी दबाव देखा गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी 50 दोनों प्रमुख सूचकांकों ने बड़ी गिरावट के साथ कारोबार की शुरूआत की। हालांकि, बाजार खुलने के कुछ देर बाद ही घरेलू संस्थागत निवेशकों और आईटी सेक्टर के शेयरों में खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इन दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी से सुधार होने लगा। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.02



प्रतिशत और निफ्टी 50 सूचकांक 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे थे।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स आज कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच 463.50 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 82,558.25 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मेटल और कैपिटल गुड्स क्षेत्र के दिग्गज शेयरों में बिकवाली का दबाव देखने को मिला। इस बिकवाली के कारण यह सूचकांक शुरूआती मिनट में ही फिसल कर 82,403.27 अंक के स्तर तक गिर गया। हालांकि, बाद में आईटी, हेल्थकेयर और प्राइवेट बैंकिंग सेक्टर के शेयरों से मिले मजबूत सपोर्ट के कारण यह सूचकांक निचले स्तर से तेजी से रिकवर करने लगा। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 14.55 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 83,036.30 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की ही तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी 50 ने भी आज 146.30 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,368 अंक के स्तर से अपने कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही चौतरफा बिकवाली के दबाव में यह सूचकांक फिसल कर 25,345 अंक के स्तर तक नीचे चला गया था। हालांकि, कुछ देर बाद ही निचले स्तर पर खरीदारों के एक्टिव हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में सुधार होने लगा। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 50 सूचकांक 1.80 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक तेजी के साथ 25,516.10 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेक्टोरल फ्रंट पर आज आईटी, टेक, हेल्थकेयर और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में मजबूती का रुख बना हुआ है, जिससे बाजार को निचले स्तर पर बड़ा सहारा मिल रहा है। दूसरी ओर, मेटल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, कैपिटल गुड्स, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में मुनाफावसूली का दबाव हावी है, जिसके चलते इन सेक्टर्स के इंडेक्स लाल निशान में कारोबार करते हुए नजर आ रहे हैं।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,909 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 953 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,956 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 16 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 22 शेयर हरे निशान में और 28 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

आज सुबह के शुरूआती कारोबारी सत्र में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर दिग्गज कंपनियों में से टॉप गेनर्स की सूची में मैक्स हेल्थकेयर 4.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,083.60 रुपये के भाव पर सबसे आगे बना हुआ था। इसके अलावा अपोलो हॉस्पिटल्स 4.05 प्रतिशत उछलकर 9,092 रुपये, टेक महिंद्रा 2.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,768 रुपये, एचसीएल टेक्नोलॉजीज 1.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,355.60 रुपये और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज 1.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,381.10 रुपये के स्तर पर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे।

न्यूज IN ब्रीफ

## महावीर लाल विश्वकर्मा के निधन पर भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

हजारीबाग : पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समर्पित कार्यकर्ता महावीर लाल विश्वकर्मा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए भाजपा और संघ के कई वरिष्ठ नेता हजारीबाग पहुंचे। सभी नेताओं ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं।

श्रद्धांजलि देने वालों में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, सांसद मनीष जायसवाल, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, प्रो. केपी शर्मा, विवेकानंद सिंह, प्रकाश मेहता, दीपक सहाय, विभाग प्रचारक आशुतोष जी कुणाल जी श्री प्रकाश कुशवाहा रंजन चौधरी महावीर सिंह गंगाधर दुबे राजेश गुप्ता, दीना उरांव, आनंद देव, सुनील मेहता, विजय वर्मा, मनिंदर शर्मा, विकास राणा, सुदेश चंद्रवंशी, सरफराज अहमद, बंशीधर रुखयार, बटेश्वर मेहता, शिवलाल महतो, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, आदित्य जी, सुमन कुमार पप्पू सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल थे।

नेताओं ने महावीर लाल विश्वकर्मा के निधन को सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन संगठन, समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण रहा है।

## 23 नवंबर से अनुमंडल में शुरू होगा पुलिस आपके द्वार अभियान

**बरही :** अनुमंडल पुलिस 23 नवंबर से ह्यपुलिस आपके द्वारह्ल कार्यक्रम शुरू करेगी। इसकी शुरूआत बरही चौक से होगी। इसके बाद अनुमंडल के सभी थाना क्षेत्रों में अभियान चलाया जाएगा।एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने विशेष बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बरही में पदस्थापना के बाद पत्रकारों से पहली मुलाकात में ही उन्होंने इस कार्यक्रम की शुरूआत करने की बात कही थी। अब इसे धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं को समझना और पुलिस-पब्लिक के बीच बेहतर तालमेल बनाना ही कार्यक्रम की प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों, व्यवसायियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद होगा। लोग अपनी समस्याएं और सुझाव रख सकेंगे। पुलिस की कार्यशैली, सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था पर भी फीडबैक लिया जाएगा। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस अपराध नियंत्रण और आपराधिक घटनाओं के उद्भेदन को लेकर सक्रिय है। उनके अनुसार, अब तक हुई लगभग सभी घटनाओं का उद्भेदन किया जा चुका है। बीते दिन एके इंटरनेशनल होटल में हुई गोलीबारी और क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं का भी जल्द उद्भेदन करने का भरोसा उन्होंने दिया।

एसडीपीओ ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर हेलमेट जांच अभियान चलाया जाएगा। ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस सख्ती बरतेगी। उन्होंने कहा कि बेहतर पुलिसिंग के लिए जनता का सहयोग जरूरी है। पुलिस और आम लोगों के बीच संवाद बढ़ने से अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। ह्यपुलिस आपके द्वारह्ल कार्यक्रम इसी उद्देश्य से शुरू किया जा रहा है। आम लोगों से सार्थक सहयोग की अपेक्षा की जाती है ।

## फिर बढ़ा झारखंड में एसआईआर की तिथि, 22 दिसंबर को प्रकाशित होगा मतदाता सूची

**बरही :** भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) का कार्यक्रम एक बार फिर संशोधित किया है। आयोग के 17 नवंबर के निर्देश के अनुसार, अब अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 दिसंबर 2026 को होगा। पहले इसके लिए 30 नवंबर की तारीख निर्धारित थी। संशोधित कार्यक्रम में नोटिस जारी करने और दावे-आपत्तियों के निपटारे की अवधि 15 दिसंबर तक निर्धारित की गई है। आयोग ने अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के लिए भी अलग से व्यवस्था की है। इसके तहत 18 नवंबर तक संबंधित मतदाताओं के गणना प्रपत्र तैयार और प्रिंट किए जाने हैं। 18 से 30 नवंबर तक इनका वितरण और संग्रह होगा। प्राप्त प्रपत्रों का निष्पादन 10 दिसंबर तक पूरा करना होगा। आयोग ने निर्देश दिया है कि एएसडीडी श्रेणी में चिह्नित मतदाताओं की सूची संबंधित मतदान केंद्रों पर फिर से प्रदर्शित की जाए। पात्र मतदाता निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना गणना प्रपत्र प्राप्त कर जमा कर सकेंगे। इस कार्य में बीएलओ को बूथ लेवल एजेंटों के साथ समन्वय करना होगा। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि समय-सीमा बढ़ाने से घर-घर सत्यापन और छूटे हुए युवा मतदाताओं का नाम जोड़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्धारित समय में सभी कार्य पूरे करने का निर्देश दिया है।

## केनरा बैंक ने मनाया 174वां संस्थापक दिवस, लगाए 174 पौधे

**हजारीबाग :** केनरा बैंक के संस्थापक अम्मेबल सुब्बाराव पाई के जन्मदिवस पर केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से 174वां संस्थापक दिवस मनाया गया। संस्थापक दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा को प्राथमिकता देते हुए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

महाप्रबंधक राजू मोहन के नेतृत्व में नगर निगम हजारीबाग के सहयोग से शहीद निर्मल महतो पार्क में 174 पौधों का रोपण किया गया। मौके पर नगर निगम के नगर आयुक्त ,सहायक नगर आयुक्त उपस्थित थे इस दौरान बैंक अधिकारियों और नगर निगम के पदाधिकारियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक मयूर कृष्णा, मंडल प्रबंधक कार्लोस तिरु, रजनीश कुमार एवं आशीष वर्मा, मुख्य प्रबंधक लक्ष्मण ठाकुर, नगर आयुक्त ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त अनिल पांडे एवं संयोजक रूपेश सहित बैंक के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। विजय कुमार, आनंद बेक, अरुण कुमार, विनोद ठाकुर, मयंक प्रसाद और शुभम कुश ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

## मंडई घाट गार्डवाल में घटिया रड-गिट्टी पर बवाल, निरीक्षण में खुली पोल

**चरही :** चुरचू प्रखंड के हेंदेगढ़ा पंचायत अंतर्गत कोवाड़ बंदा स्थित मंडई घाट नदी किनारे निमार्णाधीन गार्डवाल की गुणवत्ता को लेकर उठा सवाल अब गंभीर रूप लेता जा रहा हैं। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री इस्तेमाल किए जाने की खबर प्रकाशित होने के बाद कई जनप्रतिनिधियों ने रविवार को स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान रड और गिट्टी की गुणवत्ता निम्न स्तर की पाए जाने पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए। निरीक्षण में सुरेंद्र कुमार महतो, विधायक प्रतिनिधि सीएसआर, सीसीएल हजारीबाग समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मौके पर ग्रामीणों ने भी निर्माण में इस्तेमाल हो रही सामग्री को लेकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। ग्रामीणों का कहना है कि जिस गार्डवाल को नदी के तेज बहाव और कटाव से जमीन बचाने के लिए बनाया जा रहा है।

# आधुनिक शिक्षा से ग्रामीण बच्चों के भविष्य को मिलेगी नई दिशा : विधायक

### बरवाडीह में आरसी बालिका मध्य विद्यालय सह संत जोसेफ बालिका उच्च विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न, विधायक ने कंप्यूटर लैब का किया उद्घाटन और पुस्तकालय के लिए भेंट कीं 500 पुस्तकें

संवाददाता



**कोलेबिरा :** आरसी बालिका मध्य विद्यालय बरवाडीह सह संत जोसेफ बालिका उच्च विद्यालय बरवाडीह में वार्षिकोत्सव समारोह 2026 का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ने अपने विधायक मद से उपलब्ध कराए गए पांच कंप्यूटर सेट एवं नवनिर्मित कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया। साथ ही विद्यालय के पुस्तकालय के लिए करीब 500 पुस्तकें भी उपलब्ध कराईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। विद्यालय की प्रिंसिपल सिस्टर विक्टोरिया ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए कंप्यूटर एवं तकनीकी शिक्षा बेहद महत्वपूर्ण है। गांव के बच्चे भी इंटरनेट के माध्यम से देश-दुनिया की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, ऑनलाइन पढ़ाई कर सकते हैं और नई तकनीकों को सीखकर अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि शिक्षा का अवसर केवल शहरों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि गांव के प्रत्येक बच्चे को भी आधुनिक शिक्षा और तकनीकी ज्ञान का समान अवसर मिलना चाहिए। शिक्षकों से आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल परीक्षा पास करने के उद्देश्य से नहीं, बल्कि जीवन में सफल, जिम्मेदार और आत्मनिर्भर नागरिक बनने के लिए शिक्षित करें। वहीं विद्यार्थियों से तकनीक का उपयोग ज्ञान प्राप्त करने, नई चीजें सीखने और अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए करने की अपील की।

विधायक ने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार पाने का माध्यम नहीं, बल्कि बेहतर इंसान बनने और बेहतर समाज के निर्माण का मार्ग है। हम सभी को मिलकर ऐसी शिक्षा व्यवस्था तैयार करनी होगी, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र का हर बच्चा डिजिटल ज्ञान से जुड़ सके और अपने सपनों को पूरा करने का अवसर प्राप्त कर सके।

विद्यालय की प्रिंसिपल सिस्टर विक्टोरिया ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति और विकास की सबसे मजबूत नींव है। आधुनिक शिक्षा के साथ बच्चों को कंप्यूटर एवं तकनीकी ज्ञान से जोड़ना आज के समय की आवश्यकता है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी बदलते दौर के साथ कदम मिलाकर आत्मनिर्भर बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है।

नशा, बाल विवाह और साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

कार्यक्रम के दौरान कोलेबिरा थाना प्रभारी देवीदास मुर्मू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशापान, बाल विवाह, साइबर अपराध एवं मानव तस्करी जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि नशा समाज और युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए बेहद खतरनाक है। नशे की लत व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को प्रभावित करती है। इसलिए बच्चों को स्वयं नशे से दूर रहना चाहिए तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना चाहिए। बाल विवाह पर उन्होंने कहा कि कम उम्र में विवाह करने से बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। बाल विवाह कानूनन अपराध है। वहीं साइबर अपराध से बचाव के लिए उन्होंने अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने तथा किसी के साथ ओटीपी, बैंक संबंधी जानकारी और निजी जानकारी साझा नहीं करने की सलाह दी। ऑनलाइन ठगी होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की।

मानव तस्करी के प्रति सचेत करते हुए उन्होंने बच्चों से अनजान व्यक्तियों के बहकावे में नहीं आने, नौकरी एवं अन्य प्रलोभनों से सावधान रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस या अभिभावकों को देने का आग्रह किया।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में कोलेबिरा थाना प्रभारी देवीदास मुर्मू, पीपी फादर सेबेस्टियन ऐक्का, सिस्टर सुपीरियर दयामनी तिर्की, प्रखंड अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी, कांग्रेस जिला सचिव सह विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया, फादर प्रिंसिपल ब्रिसियुस, मुखिया अनिता जड़िया, सिस्टर प्रभा, सिस्टर फिलिसिता, सिस्टर सुशना, सिस्टर मंजुला, सिस्टर शशी, सिस्टर अर्पिता, सिस्टर इग्नीशिया, सिस्टर सरोज, सिस्टर अल्बीना, सिस्टर शांतिना, शिक्षिका प्रियंका, प्रदीप बा, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्राएं एवं उनके अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी की मिसाल हैं वरीय आईएएस अमरेन्द्र प्रताप सिंह

### 34 वर्षों की प्रशासनिक सेवा में निभाई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां, पांचवें वित्त आयोग के चेयरमैन के रूप में दे रहे योगदान

बिनय मिश्रा



झारखंड के 1991 बैच के वरीय आईएएस अधिकारी अमरेन्द्र प्रताप सिंह अपनी कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और कार्यशैली के लिए विशेष पहचान रखते हैं। अविभाजित बिहार से लेकर झारखंड तक के अपने लंबे प्रशासनिक सफर में उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए जनसेवा और प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

श्री सिंह ने अपने लगभग 34 वर्षों के प्रशासनिक कार्यकाल में पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। वर्ष 1991 में आईएएस बनने के बाद दो वर्षों के प्रशिक्षण के उपरांत उनकी पहली पदस्थापना अविभाजित बिहार के फारबिसगंज में अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में हुई। इसके बाद उन्होंने बेतिया, चंपारण, गिरिडीह, पटना, सहरसा और गढ़वा सहित विभिन्न स्थानों पर महत्वपूर्ण प्रशासनिक जिम्मेदारियां संभालीं।

वे हजारीबाग, पश्चिम सिंहभूम, चाईबासा और बोकारो के उपायुक्त (डीसी) के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। विभिन्न विभागों के उच्च पदों पर रहते हुए उन्होंने विभागीय कमियों को दूर करने और प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए।

उनके प्रशासनिक जीवन का एक उल्लेखनीय प्रसंग अविभाजित बिहार के समय का है। बताया जाता है कि एक ही दिन में उनका चार अलग-अलग विभागों में तबादला एवं पदस्थापन किया गया। यहां तक कि उन्हें अपनी पोस्टिंग के लिए राजनीतिक संपर्क करने की सलाह भी दी गई, लेकिन श्री सिंह ने किसी प्रकार का समझौता किए बिना जहां भी पदस्थापना मिली, वहां पूरी जिम्मेदारी के साथ योगदान दिया। उनकी यह कार्यशैली उनकी प्रशासनिक दृढ़ता और कर्तव्य के प्रति समर्पण को दर्शाती है।

वर्तमान में अमरेन्द्र प्रताप सिंह पांचवें वित्त आयोग के चेयरमैन के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनका लंबा प्रशासनिक अनुभव और कार्य के प्रति समर्पण आज के प्रशासनिक अधिकारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

निश्चित रूप से अमरेन्द्र प्रताप सिंह जैसे कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार अधिकारी प्रशासनिक व्यवस्था की मजबूती के प्रतीक हैं। ऐसे अधिकारियों की कार्यशैली से न केवल विभाग और राज्य गौरवान्वित होते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के प्रशासनिक अधिकारियों को भी ईमानदारी, निष्पक्षता और समर्पण के साथ काम करने की प्रेरणा मिलती है।

## बीएड प्रशिक्षुओं को दिया गया शैक्षिक सर्वेक्षण का प्रशिक्षण

### गांवों में बच्चों की शैक्षिक स्थिति का होगा आकलन

**रामगढ़ :** डॉ एस राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा-लारी में 18 नवंबर से असर-2026 के तहत पांच दिवसीय शैक्षिक सर्वेक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। पिरामल फाउंडेशन एवं प्रथम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव डॉ. संजय कुमार प्रभाकर एवं सहायक प्राध्यापकों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रशिक्षण के दौरान डाइट चितरपुर से आए जितेंद्र ज्योति तथा प्रथम फाउंडेशन के पंकज कुमार, रंजीत कुमार और तन्मय सेन सहित अन्य सहयोगियों ने बीएड प्रशिक्षुओं को शैक्षिक सर्वेक्षण के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। साथ ही सर्वेक्षण की प्रक्रिया, कार्यप्रणाली और व्यावहारिक पहलुओं का प्रशिक्षण दिया।

कार्यक्रम के तहत पहले और दूसरे दिन प्रशिक्षुओं को सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद उन्हें आसपास के गांवों में भेजकर बच्चों की वास्तविक शैक्षिक स्थिति का सर्वेक्षण कराया जाएगा। रविवार तक चलने वाले इस कार्यक्रम के समापन के बाद प्रशिक्षु अपनी संकलित सर्वेक्षण रिपोर्ट महाविद्यालय को सौंपेंगे।

इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की बुनियादी शैक्षिक स्थिति का आकलन करना और शिक्षा की वास्तविक स्थिति से प्रशिक्षुओं को परिचित कराना है। इससे बीएड प्रशिक्षुओं को सामुदायिक सहभागिता, सर्वेक्षण कौशल और शैक्षिक अनुसंधान का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा।

इस अवसर पर महाविद्यालय की ओर से पिरामल फाउंडेशन, प्रथम फाउंडेशन एवं डाइट चितरपुर से आए अतिथियों को पुष्पगुच्छ और शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय, सहायक प्राध्यापकगण और बीएड प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## बिजली समस्याओं के समाधान के लिए 25 को बरही में लगेगा शिविर

संवाददाता

**बरही :** झारखंड राज्य स्थापना दिवस-2026 के अवसर पर विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, बरही की ओर से 18 नवंबर से जनसमस्या निवारण शिविर लगाए जा रहे हैं। इसके तहत 18 नवंबर को बरकट्ठा और 19 नवंबर को चौपारण विद्युत शक्ति उपकेंद्र में शिविर आयोजित किए गए। 20 नवंबर को चलकुशा, 25 नवंबर को बरही और 26 नवंबर को पदमा विद्युत शक्ति उपकेंद्र में शिविर लगाए जाएंगे। यह जानकारी सहायक विद्युत अभियंता सौरभ लिंडा ने दी। शिविर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेंगे। इनमें नए बिजली कनेक्शन, बिल सुधार और मोबाइल नंबर अपडेट की सुविधा मिलेगी। बिल नहीं मिलने की शिकायतें भी सुनी जाएंगी। इसके अलावा खराब ट्रांसफॉर्मर, लो-वोल्टेज, बिजली पोल और तार से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## बरही में एसआईआर के 81.52 प्रतिशत नोटिसों का निष्पादन

**बरही :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत मतदाता सूची की त्रुटियों के सत्यापन और निष्पादन की प्रक्रिया जारी है। 19 नवंबर तक बरही विधानसभा क्षेत्र में कुल 74,834 मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें से 61,005 नोटिसों का निष्पादन किया जा चुका है। इस प्रकार अब तक 81.52 प्रतिशत मामलों का निपटारा हुआ है, जबकि 13,829 मामले यानी 18.48 प्रतिशत लंबित हैं। बरही प्रखंड में कुल 24,990 मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए थे। इनमें से 21,087 मामलों का निष्पादन किया गया है। यहां निष्पादन की दर 84.38 प्रतिशत है, जबकि 3,903 मामले लंबित हैं। करीब 50 मतदाताओं के नाम मृत्यु अथवा स्थानांतरण के कारण मतदाता सूची से हटाए गए हैं। शेष लंबित मामलों के सत्यापन के लिए बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) और बूथ स्तरीय अभिकर्ता (बीएलए-2) लगातार प्रयास कर रहे हैं।

# संत जेवियर उच्च विद्यालय बरवाडीह में नशा मुक्ति, बाल विवाह एवं साइबर अपराध को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

### कोलेबिरा थाना प्रभारी देवीदास मुर्मू ने विद्यार्थियों को सामाजिक कुरीतियों और साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

संवाददाता

**कोलेबिरा :** प्रखंड के संत जेवियर उच्च विद्यालय बरवाडीह में नशा मुक्ति,बाल विवाह, साइबर क्राइम एवं मानव तस्करी (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग) जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोलेबिरा थाना प्रभारी देवीदास मुर्मू, एएसआई प्रताप चंद्र महतो, विधालय के प्रचार्य फादर ब्रिसयुस तिर्की सहित पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी देवीदास मुर्मू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज और युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए बेहद खतरनाक है। नशे की लत से व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन प्रभावित होता है। इसलिए बच्चों को स्वयं नशे से दूर रहना चाहिए और अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना चाहिए।




उन्होंने बाल विवाह के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि कम उम्र में विवाह करना बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। बाल विवाह कानूनन अपराध है। वहीं साइबर अपराध के प्रति सतर्क रहने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि अनजान लिंक पर क्लिक न करें, किसी के साथ ओटीपी, बैंक संबंधी जानकारी एवं निजी जानकारी साझा न करें। ऑनलाइन ठगी होने पर तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दें। इसके अलावा उन्होंने मानव तस्करी के प्रति जागरूक करते हुए बच्चों को अनजान व्यक्तियों के बहकावे में नहीं आने, नौकरी एवं अन्य प्रलोभनों से सावधान रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस या अपने अभिभावकों को देने की अपील की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक बुराइयों, अपराधों एवं उनके बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना था। मौके पर संत जेवियर उच्च विद्यालय बरवाडीह के प्राचार्य फादर ब्रिसयुस तिर्की, फादर सुमिला सुदेश मिंज, शिक्षक फ्रांसिस, असीम, अनिल, शिक्षिका माधुरी सोरेंग, प्रतिमा, सरोजनी तोपनो सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं पुलिस प्रशासन के अन्य कर्मी उपस्थित थे।